रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 317] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 4, 2017/अग्रहायण 13, 1939
No. 317] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 4, 2017/AGRAHAYANA 13, 1939

## राज्य सभा सचिवालय

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2017

**सं.आरएस. 46/2017-टी.—**भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 6(1) के अधीन राज्य सभा के अन्य सदस्य श्री शरद यादव के संबंध में राज्य सभा सदस्य, श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह की याचिका के मामले में राज्य सभा के सभापति द्वारा दिनांक 4 दिसम्बर, 2017 को दिए गए निम्नलिखित निर्णय को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है:—

**"आदेश**

राज्य सभा सदस्य और राज्यसभा में जनता दल (यूनाइटेड) [जेडी(यू)] दल के नेता श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'याची' कहा गया है) ने 2 सितम्बर, 2017 को भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 6 के साथ पठित अनुच्छेद 102(2) और राज्य सभा सदस्य (दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता) नियम, 1985 (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'नियमों' कहा गया है) के नियम 6 के अधीन एक याचिका दायर की थी, जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि राज्य सभा सदस्य श्री शरद यादव (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'प्रतिवादी' कहा गया है) को संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हित किया जाए और राज्यसभा में उनकी सीट रिक्त घोषित की जाए। याची ने अपनी याचिका में दावे के साथ कहा है कि प्रतिवादी श्री शरद यादव ने, जो 8 जुलाई, 2016 को बिहार राज्य से जनता दल (यूनाइटेड) के टिकट पर राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे, बार-बार अपने आचरण से, जेडी(यू) दल और इसके नेतृत्व के विरुद्ध सार्वजनिक/प्रेस वक्तव्यों और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नामक प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल के साथ खुलेआम तालमेल कर अपनी राजनैतिक गतिविधियों से यह सिद्ध कर दिया है कि उन्होंने स्वेच्छा से जेडी(यू) दल की सदस्यता छोड़ दी है और इस प्रकार वह संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हता के अध्यधीन हो गए हैं। याची का मुख्य प्रतिवाद यह था कि जेडी(यू) दल और इसके अध्यक्ष, श्री नीतीश कुमार द्वारा 26 जुलाई, 2017 को महागठबंधन और बिहार में 2015 में गठित गठबंधन सरकार से बाहर आने के सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय का पालन करने के स्थान पर प्रतिवादी ने दल के निर्णय की सार्वजनिक निंदा कर दल-विरोधी गतिविधियां शुरू कर दीं। उन्होंने आरजेडी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ 10 और 12 अगस्त, 2017 तक बिहार के विभिन्न जिलों में प्रचार किया और 27 अगस्त, 2017 को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल नामत: आरजेडी द्वारा आहूत सार्वजनिक रैली में भाग लिया जबकि दल के महासचिव श्री के.सी. त्यागी ने लिखित निदेश में उन्हें रैली में भाग न लेने का परामर्श दिया था और यह भी सूचित किया था कि रैली में उनके भाग

लेने को न केवल नैतिकता के उच्च मानदंडों के विपरीत माना जाएगा बल्कि यह भी समझा जाएगा कि वह स्वेच्छा से जेडी(यू) दल की सदस्यता छोड़ रहे हैं। याची ने आरोपों के सबूत के तौर पर समाचार पत्रों के अंश, मीडिया रिपोर्ट और वीडियो संलग्न किये हैं।

2. इस तथ्य से संतुष्ट होने के बाद कि याचिका नियमों के नियम 6 की अपेक्षाओं को पूरा करती है, मैंने 11 सितम्बर, 2017 को नियम 7 के उप-नियम (3) के संदर्भ में याचिका और उसके सभी संलग्नकों की एक प्रति प्रतिवादी को, जिसके संबंध में याचिका दायर की गई थी, इस अनुरोध के साथ भिजवाई कि वह उक्त की प्राप्ति के सात (7) दिन के भीतर उस पर अपनी लिखित टिप्पणी प्रस्तुत करें। इसके उत्तर में, प्रतिवादी ने दिनांक 15 और 18 सितम्बर, 2017 के पत्रों द्वारा याचिका पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए एक माह का समय बढ़ाने की मांग की। तथापि, मैंने न्याय का पक्ष लेते हुए उन्हें अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए 25 सितम्बर, 2017 तक का समय दिया और उन्हें इसकी सूचना सचिवालय के 18 सितम्बर, 2017 के पत्र द्वारा दे दी गई।

3. प्रतिवादी ने 22 सितम्बर, 2017 को अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कीं, जिनमें उन्होंने याचिका में किए गए सभी प्रकथनों, दिए गए तर्कों और उठाए गए प्रतिवादों से इंकार किया और नियम 6 की अपेक्षाओं का अनुपालन न किए जाने के आधार पर नियमों के नियम 7 के उप-नियम (2) के अधीन याचिका खारिज करने की मांग की। प्रतिवादी ने कहा कि जेडी(यू) का संस्थापक सदस्य होने के नाते वह इसके सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं और दल के सदस्य हैं और उन्होंने कभी भी दल को छोड़ने का इरादा नहीं किया है, स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ने या नया राजनीतिक दल बनाने का तो सवाल ही नहीं है। उन्होंने प्रतिवाद किया कि 'दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ने' के प्रश्न का विनिश्चय तभी हो सकता है, जब इस प्रश्न का निर्णय हो जाए कि 'वास्तविक दल' कौन-सा है और चूंकि चुनाव चिह्न(आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968 के पैरा 15 के अधीन जेडी(यू) में बहुमत के समर्थन के आधार पर स्वयं को वास्तविक जेडी(यू) की मान्यता देने का अनुरोध करने के संबंध में उनके गुट का आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है, अत: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम निर्णय दिए जाने के बाद ही उक्त याचिका पर कोई निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने प्रत्यारोप लगाया कि वास्तव में श्री नीतीश कुमार और उनके गुट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली विभाजनकारी सांप्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध साझा मोर्चे के रूप में गठित महागठबंधन को छोड़कर और भाजपा से गठबंधन कर तथा इस प्रकार, बिहार की जनता द्वारा उनमें व्यक्त किए गए विश्वास और उसके जनादेश से जबरदस्त विश्वासघात कर जेडी(यू) दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री नीतीश कुमार दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए विशुद्ध राजनीतिक और अवसरवादी कारणों से वास्तविक जेडी(यू) से अलग हो गए हैं। उनका मुख्य प्रतिवाद यह था कि, 'दल के नेताओं द्वारा दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए लिए गए निर्णयों की आलोचना करने को स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना नहीं माना जा सकता'। प्रतिवादी ने याची द्वारा प्रमाण के तौर पर समाचारपत्रों के लेखों/मीडिया क्लिपिंग के प्रयोग पर सवाल उठाया और कहा कि किन्हीं प्रामाणिक साक्ष्यों के अभाव में इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने जेडी(यू) दल के अध्यक्ष, श्री नीतीश कुमार के विरुद्ध अपने आरोपों के समर्थन में समाचारपत्रों के अंश और वीडियो के रूप में मीडिया रिपोर्ट भी संलग्न की है।

4. दसवीं अनुसूची के अधीन राज्य सभा में निरर्हता के पूर्व मामलों के अभिलेखों का अवलोकन करने पर मैंने पाया कि विशेषाधिकार संबंधी समिति की प्रक्रियागत अपेक्षाएं ऐसी होती हैं कि प्राथमिक जांच और अंतिम प्रतिवेदन तैयार और प्रस्तुत करने में लंबा समय लगता है जिससे अंतत: निरर्हता संबंधी कार्यवाही और अंतिम प्रश्न के निर्धारण में विलंब होता है जोकि दसवीं अनुसूची की प्रकृति और उद्देश्यों के ही विपरीत है। दल-बदल के परिणामों का सामना किए बगैर किसी सदस्य की सदस्यता बनाए रखने की अनुमति देकर ऐसा करना दल-परिवर्तन विरोधी कानून की मूल भावना अर्थात् दल-बदल की समस्या पर नियंत्रण, को ही नष्ट करने के बराबर है। उच्चतम न्यायालय ने जगजीत सिंह बनाम हरियाणा राज्य और अन्य [(2006) 11 एससीसी 1] के मामले में दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 के अपने आदेश में निम्नलिखित टिप्पणी की है:-

> "दल-परिवर्तन करने के बावजूद किसी सदस्य को सिर्फ तकनीकी आधारों के ऐसे दल-बदल के परिणामों का सामना न करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।"

इसके अतिरिक्त नियमों के नियम 7 का उप नियम (4) इस प्रकार है:-

> "याचिका के संबंध में, अनुज्ञात अवधि के भीतर, उपनियम (3) के अधीन प्राप्त (चाहे मूलत: या उक्त उपनियम के अधीन विस्तारित) टिप्पणी पर, यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात् सभापति उस प्रश्न का अवधारण करने के लिए अग्रसर होगा या, यदि उसका उस मामले की प्रकृति और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो वह याचिका की प्रारंभिक जांच करने और उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए यह समिति को निर्देशित करेगा।"

उपर्युक्त के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को विशेषाधिकार समिति के पास नियमित रूप से नहीं भेजा जा सकता। मामले की प्रकृति और परिस्थितियों के आधार पर, अध्यक्ष ने याचिका को समिति को प्राथमिक जांच के लिए भेज भी सकता है और नहीं भी। जब

मामले के तथ्य स्पष्ट हों तो सभापति अपने विवेक के अनुसार इस मामले में स्वयं आगे कार्यवाही करने का निर्णय ले सकता है। नियम-7 के उप-नियम (4) में 'प्राथमिक जांच' शब्द के उपयोग की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जिसका अर्थ है कि समिति द्वारा प्राथमिक जांच के बाद भी, सभापति को ही अंतिम रूप से तथ्यों का विश्लेषण करके अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना होता है। उपर्युक्त तथ्यों के मद्देनजर मैंने प्रतिवादी की निरर्हता संबंधी प्रश्न के अवधारण के लिए स्वयं आगे कार्यवाही करने का निर्णय लिया। इसलिए, न्याय के पक्ष में मैंने 7 अक्तूबर, 2017 को निर्देश दिया कि प्रतिवादी की टिप्पणियां याची को उनकी प्राप्ति के सात (7) दिनों के भीतर उन पर अपनी टिप्पणियां करने के लिए भेज दी जाएं।

5. याची ने 13 अक्तूबर, 2017 को अपनी टिप्पणियों में याचिका में पहले से उल्लिखित तथ्यों को फिर से दोहराया और निवेदन किया कि प्रतिवादी की टिप्पणियों का स्वरूप सैद्धान्तिक भाषण की तरह है और वे याचिका में किए गए विशिष्ट प्रकथनों का उत्तर देने और याचिका में लगाए गए आरोपों का सारवान रीति से खंडन करने में विफल हैं। उन्होंने प्रतिवादी के इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया कि दल के आंतरिक कामकाज के संबंध में कोई विवाद भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के समक्ष लंबित है, उन्होंने इसे तथ्यात्मक रूप से गलत बताया और कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने उनकी याचिका का संज्ञान लेने से मना कर दिया है। याची ने कहा कि दल के भीतर किसी विवाद की मौजूदगी, किसी निरर्हता याचिका के निर्धारण हेतु न तो सुसंगत है और न इससे संबंधित है, बल्कि, इसके लिए व्यक्ति के आचरण की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने प्रतिवाद किया कि समाचार पत्रों के लेख/मीडिया क्लिपिंग की विषय-सामग्री की सत्यता को असत्य साबित करने का उत्तरदायित्व प्रतिवादी पर है और प्रत्याख्यान या खंडन करने में विफल रहने का अर्थ स्वीकृति है। जहां तक महागठबंधन छोड़कर बिहार की जनता के विश्वास और जनादेश से विश्वासघात का प्रतिवादी का आरोप है, याची ने प्रतिवाद किया है कि श्री नीतीश कुमार को जेडी(यू), बिहार की विस्तृत राज्य कार्यकारी समिति की 11 जुलाई, 2017 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में 26 जुलाई, 2017 को महागठबंधन की सरकार को छोड़ना पड़ा और बिहार के मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देना पड़ा। उक्त बैठक में विधायकों, संसद सदस्यों (राज्य सभा और लोक सभा), सभी जिलाध्यक्षों और दल की विभिन्न इकाइयों/विंग/प्रकोष्ठों के सभी अध्यक्षों ने उनसे गठबंधन दल नामत: आरजेडी के कुछ नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार, धन शोधन और बेनामी संपत्तियों के गंभीर मामले प्रकाश में आने और अन्वेषण एजेंसियों द्वारा उनके विरुद्ध छापा मारने जैसे गंभीर मुद्दों से समझौता न करने का आग्रह किया था और उनसे यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन छोड़ने/बिहार के मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देने के निर्णय को विधायक दल ने 26 जुलाई, 2017 की अपनी बैठक में और जेडी(यू) दल की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति व राष्ट्रीय परिषद ने 19 अगस्त, 2017 को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया था। श्री नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सिद्धांतवादी रवैये की सराहना करते हुए भाजपा ने बिना शर्त समर्थन का प्रस्ताव दिया जिसे उन्होंने स्वीकार किया और सरकार बनाई तथा 27 जुलाई, 2017 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने 28 जुलाई, 2017 को बिहार की विधान सभा में अपना बहुमत भी सिद्ध कर दिया। याची ने आरोप लगाया है कि प्रतिवादी 19 अगस्त, 2017 को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारी समिति और राष्ट्रीय परिषद की बैठक में उपस्थित नहीं हुए, जबकि उन्हें इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था और वह उस बैठक में अपनी चिंताएं व्यक्त कर सकते थे, लेकिन इसके बजाय उन्होंने एक समानांतर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसमें मुख्यत: आरजेडी दल के कार्यकर्ता ही उपस्थित थे। याची ने तर्क दिया है कि महागठबंधन, बिहार विधान सभा हेतु चुनाव लड़ने के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर तैयार महज एक राजनैतिक गठबंधन था और ऐसी कोई बाध्यता नहीं हो सकती थी कि गठबंधन के सहयोगी मूलभूत मतभेदों के बावजूद एक साथ रहें। उन्होंने प्रतिवादी के संस्थापक सदस्य होने के दावे को भी खारिज किया और समुक्ति की कि यदि तर्क के लिए उनका दावा स्वीकार भी कर लिया जाए तब भी इससे उन्हें अपने आप ऐसे निर्णय लेने का विशेष अधिकार नहीं मिल जाता, जो दल के सर्वसम्मत विचारों और निर्णयों के विपरीत हों। कोई भी राजनीतिक दल और विशेषकर सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध मजबूत और गहरी प्रतिबद्धता वाला जेडी (यू) दल अपने किसी भी सदस्य को एक ऐसे राजनीतिक दल के साथ मेल-मिलाप करने की अनुमति नहीं दे सकता, जिसके नेता बेनामी संपत्ति के लेनदेन और धनशोधन के गंभीर आरोपों के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

6. प्रतिवादी ने 11 अक्तूबर, 2017 को व्यक्तिगत सुनवाई और जेडी (यू) दल की राष्ट्रीय परिषद द्वारा 8 अक्तूबर, 2017 को हुई अपनी बैठक में स्वीकृत संकल्प को दर्ज करने का अनुरोध करते हुए एक आवेदन दिया जिसमें राष्ट्रीय परिषद ने अन्य बातों के साथ-साथ श्री नीतीश कुमार पर अप्रैल, 2016 से जेडी (यू) के भीतर संगठन के चुनाव न कराकर अपने विरोध के सभी विकल्प बंद करने की षड्यंत्रकारी कार्रवाई करने का आरोप लगाया था और उनके द्वारा 10 अप्रैल, 2016 के बाद से लिए गए निर्णयों को अवैध और आरंभ से ही शून्य घोषित किया था।

7. नियम 7 के उप-नियम (7) के अनुसार, प्रतिवादी को अपना मामला प्रस्तुत करने और व्यक्तिगत सुनवाई का समुचित अवसर देने के मद्देनजर मैंने निदेश दिया कि याचिका के संबंध में प्रतिवादी के दिनांक 22 सितम्बर, 2017 के उत्तरों पर याची की 13 अक्तूबर, 2017 की टिप्पणियों की प्रति के साथ प्रतिवादी को एक नोटिस भेजकर सूचना दी जाए कि उन्हें 30 अक्तूबर, 2017 को प्रात: 9.30 बजे मेरे कक्ष

अर्थात् कक्ष सं. 216, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, संसदीय सौध विस्तार भवन, नई दिल्ली में मेरे समक्ष मौखिक सुनवाई का एक अवसर दिया गया है। उन्हें राज्य सभा सचिवालय के दिनांक 18 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा यह सूचना दी गई।

8. इस बीच, प्रतिवादी ने 18 अक्तूबर, 2017 को एक और आवेदन किया और इसे 20 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा अग्रेषित किया, जिसमें उन्होंने चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 15 के अधीन भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क और चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 13 और 13क के संबंध में श्री छोटूभाई अमरसंग वसावा, कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व वाले जेडी (यू) दल को मान्यता देने और उसे दल का चुनाव चिह्न अर्थात् तीर, आवंटित करने के लिए दायर दिनांक 17 अक्तूबर, 2017 के आवेदन की ओर ध्यान आकर्षित किया। यह नया आवेदन इस संबंध में उनके द्वारा दायर पूर्व आवेदनों को दस्तावेजी साक्ष्य के अभाव में खारिज किए जाने के बाद और भारत निर्वाचन आयोग के दिनांक 27 सितम्बर, 2017 के पत्र, जिसमें कहा गया था कि वे अपने दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य सहित नया आवेदन दायर कर सकते हैं, के उत्तर में दायर किया गया। प्रतिवादी ने आवेदन के साथ दायर किए गए तथ्यों और दस्तावेजों को अभिलिखित किए जाने का अनुरोध किया था किंतु उसके साथ संलग्नक - 4 अर्थात् भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष दायर किए गए दिनांक 17 अक्तूबर, 2017 के आवेदन को यह कहते हुए संलग्न नहीं किया था कि यह जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों द्वारा दायर 429 शपथ पत्रों सहित 3000 पृष्ठों वाला भारी-भरकम दस्तावेज है और आवश्यकता पड़ने पर इसे राज्य सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जा सकता है।

9. प्रतिवादी ने दिनांक 23 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के राज्यों की विधान सभाओं के आगामी चुनावों से संबंधित बैठकों/व्यस्तताओं का कारण बताते हुए मौखिक साक्ष्य हेतु उपस्थित होने के लिए आठ सप्ताह का समय बढ़ाये जाने का अनुरोध किया था। तथापि, उनके अनुरोध पर विचार करने के पश्चात्, मैंने उनके लिए एक सप्ताह का समय बढ़ा दिया और उन्हें अपने कक्ष अर्थात, कक्ष सं. 216, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, संसदीय सौध विस्तार भवन, नई दिल्ली में 8 नवम्बर, 2017 को म.पू. 10.00 बजे अपना मामला प्रस्तुत करने हेतु मेरे समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया। साथ ही उन्हें यह भी सूचित किया कि इस मामले में उन्हें और अधिक समय विस्तार प्रदान नहीं किया जायेगा। उन्हें यह सूचना राज्य सभा सचिवालय के दिनांक 24 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा प्रेषित की गई।

10. प्रतिवादी ने दिनांक 4 नवम्बर, 2017 के पत्र के द्वारा उन्हें दो अधिवक्ताओं, नामत: श्री कपिल सिब्बल और श्री देवदत्त कामत के साथ मौखिक साक्ष्य के लिए उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। बाद में उनसे दिनांक 7 नवम्बर, 2017 का एक और पत्र प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने चार और अधिवक्ताओं नामत: श्री मोहम्मद निजामुद्दीन पाशा, श्री जावेदुर रहमान, श्री राजेश इनामदार और श्री आदित्य भट्ट के साथ उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। मैंने उनके अनुरोधों पर विचार किया और उन्हें स्वीकार नहीं करने का निर्णय लिया क्योंकि इस प्रयोजन हेतु न तो नियमों में कोई प्रावधान है और न ही राज्य सभा में ऐसा कोई पूर्व उदाहरण रहा है और इसकी सूचना उन्हें राज्य सभा सचिवालय के दिनांक 7 नवम्बर, 2017 के पत्र द्वारा दे दी गई।

11. इस बीच, प्रतिवादी ने दिनांक 7 नवम्बर, 2017 को तीसरा आवेदन दायर किया जिसमें उन्होंने याचिका के संबंध में अपनी टिप्पणियों और अपने दोनों आवेदनों में उनके द्वारा पहले से प्रस्तुत किए गए बिन्दुओं को दोहराया था। आवेदनों में उठाए गए सभी मुद्दे दल के आंतरिक मामले हैं जोकि दसवीं अनुसूची की विषय-वस्तु नहीं है और इसलिए ये मेरे अधिकार-क्षेत्र में नहीं आते हैं।

12. प्रतिवादी 8 नवम्बर, 2017 को म.पू. 10.10 बजे मेरे समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और प्रारम्भ में ही उन्होंने मुझे दिनांक 7 नवम्बर, 2017 का एक पत्र सौंप दिया जिसमें उन्होंने पुन: अनुरोध किया था कि उनकी ओर से उनके अधिवक्ताओं को मेरे समक्ष उनका मामला प्रस्तुत करने तथा तर्क करने की अनुमति दी जाए और यह आरोप लगाया कि उनके आग्रहों को स्वीकार न करके, मैंने नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध कार्य किया है। प्रतिवादी ने दोहराया कि उन्होंने नहीं बल्कि श्री नीतीश कुमार और उनके समर्थकों ने दल के संविधान और नियमों का उल्लंघन कर दल छोड़ा है। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि दल का कौन सा गुट वास्तविक जनता दल है इसका विवाद भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है और उनके द्वारा इसका निर्णय 13 नवम्बर, 2017 को निर्धारित सुनवाई में दिया जाएगा। प्रतिवादी द्वारा मुझे सौंपे गए अपने पत्र में, जिसे अभिलिखित किया गया, उन्होंने कहा था कि चूंकि दसवीं अनुसूची के अंतर्गत किसी भी मामले में सुनवाई अर्द्धन्यायिक कार्यवाही के स्वरूप की होती है, इस प्रयोजनार्थ अध्यक्ष/सभापति को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनेक निर्णयों में अधिकरण माना गया है और कि सभापति का आदेश देश के संवैधानिक न्यायालयों द्वारा न्यायिक समीक्षा के अध्यधीन है, जैसा कि किसी अन्य अधिकरण के मामले में होता है। इसके अतिरिक्त, इस अधिकरण के समक्ष चलने वाली कार्यवाही में किसी न्यायालय के सभी साजो-सामान अंतर्ग्रस्त होते हैं, चूंकि यह मुद्दा तभी उठाया जाता है जब सभापति को शिकायत की गई हो और इसमें अधिवक्ताओं द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने की आवश्यकता पड़ती हो क्योंकि इस मामले में संवैधानिक विधि के जटिल मुद्दे शामिल होते हैं जिनके लिए दसवीं अनुसूची के उपबंधों की व्याख्या की आवश्यकता होती है। उन्होंने दावा किया कि किसी सदस्य पर माननीय सभापति के समक्ष

अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होने के विरुद्ध नियमों के नियम 7 (7) में कोई रोक नहीं है क्योंकि यह स्पष्ट है कि व्यक्तिगत रूप से सुनवाई हेतु उपबंध विधिक प्रतिनिधित्व की अनुमति दिए जाने के अतिरिक्त है। संसद तथा राज्य विधान सभाओं में दसवीं अनुसूची के तहत चली कार्यवाहियों के उदाहरणों की संख्या को देखते हुए जहां अधिवक्ताओं द्वारा तर्कों का जवाब दिया गया है और पूर्ण मुकदमे चलाए गए हैं, उन्होंने मेरी सुविधा के अनुसार किसी भी तारीख को मेरे समक्ष उपस्थित होने तथा व्यक्तिगत रूप से व अधिवक्ताओं के माध्यम से अपना मामला प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किए जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाता है तो मैं उनकी अनुपस्थिति में उनके विरोध के बावजूद सुनवाई जारी रख सकता हूं।

13. मैंने प्रतिवादी को सूचित किया कि मौखिक सुनवाई के लिए अधिवक्ताओं को साथ लेने के उनके लिखित अनुरोधों को मामले, नियम सुस्थापित परंपरा और श्री ईसम सिंह के निरर्हता मामले (2008) में अपने पूर्ववर्ती के निर्णय, जहां उन्होंने मौखिक सुनवाइयों में अपने अधिवक्ता को साथ लाने हेतु उनके द्वारा किए गए बार-बार अनुरोधों को सुस्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया था, सहित पूर्व प्रथा और उदाहरणों की सावधानीपूर्वक जांच करने के पश्चात उनके अनुरोधों को अस्वीकार किया है। इसके अतिरिक्त, उनके निवेदन पर सावधानीपूर्वक विचार करने के पश्चात्, मेरे पास मौखिक सुनवाई के लिए अपने अधिवक्ता को साथ लाने की अनुमति न देने के संबंध में अपने दिनांक 7 नवम्बर, 2017 के पूर्व निर्णय को बदलने का कोई कारण नहीं है। साथ ही, परंपरागत रूप से ऐसी सुनवाईयों के दौरान किसी भी पक्ष को अधिवक्ता के माध्यम से अपना बचाव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है, और इस प्रकार यह एक संतुलित निर्णय है। मैंने उन्हें यह भी बताया कि उनके विस्तृत उत्तरों से यह स्पष्ट है कि इन्हें अधिवक्ताओं द्वारा अथवा उनके साथ परामर्श करने के पश्चात तैयार किया गया था और कि उन्हें उनसे परामर्श करने के बाद ही मौखिक सुनवाई हेतु तैयारी के साथ आना चाहिए था। जब यह पूछा गया कि क्या उनके पास लिखित में पहले से प्रस्तुत तथ्यों के अतिरिक्त कुछ और सामने रखने के लिए है तो प्रतिवादी ने कहा कि उसके पास कुछ और कहने के लिए नहीं है, लेकिन उन्होंने अधिवक्ताओं के माध्यम से अपना मामला रखने का अनुरोध पुन: दोहराया।

14. जहां तक प्रतिवादी के इस प्रतिवाद का संबंध है कि सभापति दसवीं अनुसूची के अधीन मामलों में अधिकरण के रूप में कार्य करता है और इसलिए इस अधिकरण में न्यायालय के सभी साजो-सामान अंतर्ग्रस्त होते हैं, दसवीं अनुसूची के अधीन अधिकरण के रूप में अध्यक्ष अथवा सभापति की भूमिका को स्पष्ट करते हुए किहोटो होलोहान बनाम जाचिल्हू और अन्य [1992 एससीआर (1) 686, 1992 एससीसी अनुपूरक (2) 651, जेटी 1992 (1) 600, 1992 एससीएएलई (1) 338] के मामले में दिनांक 18 फरवरी, 1992 के अपने निर्णय में उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई निम्नलिखित टिप्पणियां उपयुक्त हैं:-

> "सभी अधिकरण न्यायालय नहीं हैं, हालांकि सभी न्यायालय अधिकरण हैं। 'न्यायालयों' से तात्पर्य सिविल न्यायाधिकरण के न्यायालय हैं और 'अधिकरणों' से तात्पर्य उन व्यक्तियों के निकायों से हैं जिनसे कतिपय विशिष्ट कानूनों के तहत उत्पन्न होने वाले विवादों का निर्णय करने की अपेक्षा की जाती है। जहां 'वाद' है - एक पक्ष द्वारा अभिपुष्टि करना और दूसरे के द्वारा खण्डन करना - और विवाद के समाधान के लिए इसके पक्षकारों के अधिकारों और दायित्वों के संबंध में निर्णय लिया जाना आवश्यक हो तथा प्राधिकरण को इसका निर्णय करने के लिए कहा जाए, तो यह न्यायिक शक्ति का उपयोग है। इस प्राधिकरण को अधिकरण कहते हैं, यदि इसके पास न्यायालय को उपलब्ध साजो-सामान नहीं हैं। अत:, दसवीं अनुसूची के पैरा 6(1) के तहत कार्य करते हुए अध्यक्ष अथवा सभापति एक अधिकरण है"।

जगजीत सिंह बनाम हरियाणा राज्य तथा अन्य [(2006) 11 एससीसी 1] के मामले में दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा अपने निर्णय में की गई निम्नलिखित टिप्पणियां भी इस संदर्भ में प्रासंगिक हैं:-

> "यह प्रश्न कि क्या समुचित अवसर प्रदान किया गया है अथवा नहीं, का कोई सीमित दायरा निर्धारित नहीं किया जा सकता है और यह मामले की वास्तविक स्थिति पर निर्भर करेगा। प्रारम्भ में, हम यह उल्लेख करना चाहेंगे कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन की दलील पर विचार करते समय, यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि दसवीं अनुसूची के तहत की जा रही कार्यवाही की न तो न्यायालय में विचारण से और न ही किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु विभागीय कार्यवाही से तुलना की जा सकती है। ऐसे अधिकरण के समक्ष कार्यवाही के संबंध में न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित है। हम यहां यह बात भी कहना चाहेंगे कि न्यायिक समीक्षा का क्षेत्र कितना भी सीमित क्यों न हो, नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना होगा और ऐसा न किए जाने पर आदेश निरस्त हो जाएंगे। तथापि, इस शिकायत का फैसला करने के लिए मानक कि यथोचित अवसर प्रदान नही किया गया है, भिन्न होगा। इसके अतिरिक्त, यदि अधिकरण द्वारा लिया गया विचार तर्कसंगत है तो न्यायालय इस आधार पर आदेश को विखंडित करने से इंकार कर देगा कि दूसरा विचार अधिक तर्कसंगत है। अधिकरण सदस्य के आचरण से किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकता है जोकि नि:संदेह मामले के तथ्यों तथा परिस्थितियों की संपूर्णता पर निर्भर करेगा।

नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों को लागू करते समय, यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिए कि 'वे अपरिवर्तनीय नहीं अपितु लचीले हैं' और उन्हें एक निश्चित सांचे में नहीं ढाला गया है और इसलिए इन्हें एक विधिक सीमित दायरे में निर्धारित नहीं किया जा सकता है। क्या नैसर्गिक न्याय की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है अथवा नहीं, इस पर किसी विशेष मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के सन्दर्भ में विचार करना होगा"।

वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय की उपर्युक्त टिप्पणियों के मद्देनजर मेरा यह सुविचारित मत है कि प्रतिवादी को उनकी ओर से उनका मामला प्रस्तुत करने के लिए अधिवक्ताओं के साथ मौखिक साक्ष्य हेतु उपस्थित होने की अनुमति न देकर नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है। वास्तविकता यह है कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप और नियमों के नियम 7(7) की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए प्रतिवादी को व्यक्तिगत सुनवाई का पूरा मौका दिया गया।

15. संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1) के अनुसार, कोई सदस्य निम्नलिखित परिस्थितियो में निरर्हित किया जा सकता है:-

(क) यदि वह जिस राजनीतिक दल का सदस्य है, उसकी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ देता है/छोड़ देती है; या

(ख) जब वह ऐसे राजनीतिक दल जिसका वह सदस्य है, द्वारा दिए गए किसी निर्देश के विरुद्ध पूर्व अनुज्ञा के बिना सदन में मतदान करता है/करती है या मतदान करने से विरत रहता है/रहती है और ऐसे मतदान करने या मतदान करने से विरत रहने को ऐसे राजनीतिक दल ने ऐसे मतदान या मतदान करने से विरत रहने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर माफ नहीं किया है।

स्पष्ट है कि वर्तमान मामला दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1) (क) के अधीन आता है। अब मैं इस उपबंध के अधीन मामले के गुण-दोषों की परीक्षा करूंगा।

16. अभिलेखों, याचिका, याचिका के संबंध में प्रतिवादी के उत्तरों, प्रतिवादी के उक्त उत्तरों पर इस संबंध में सभी संलग्नकों सहित याची की टिप्पणियों, प्रतिवादी द्वारा अपने अतिरिक्त आवेदनों के जरिए प्रस्तुत किए गए तथ्यों तथा मौखिक सुनवाई के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों का अवलोकन करने पर, मैंने पाया कि प्रतिवादी याची द्वारा उन पर दल विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपों को सुस्पष्ट रूप से मना अथवा खण्डन करने के स्थान पर यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ मिलने के निर्णय के कारण जनता दल (यूनाइटेड) दल का दो गुटों में विभाजन हुआ-एक श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाला गुट और दूसरा उनका और उनके समर्थकों का गुट और इस दूसरे गुट को भी जनता दल (यूनाइटेड) के भीतर बहुमत प्राप्त था और इस संबंध में एक विवाद भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लम्बित था। उनके द्वारा दिया गया मुख्य तर्क यह था कि उन्होंने नहीं अपितु श्री नीतीश कुमार और उनके गुट ने जे.डी.(यू) दल के संविधान में निर्धारित लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लंघन करके और जिन सिद्धान्तों पर दल की नींव रखी गई थी, उनके विरुद्ध कार्य करते हुए स्वेच्छा से जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता छोड़ दी थी और इस तरह से दसवी अनुसूची के तहत निरर्हता के अध्यधीन हो गए थे। तथापि, वह इस दावे को साबित करने के लिए कोई ठोस दस्तावेज अथवा अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं। इसके अतिरिक्त संविधान की दसवीं अनुसूची का पैरा 1 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम 'विधान दल' और 'मूल राजनीतिक दल' को निम्नानुसार परिभाषित करते हैं:-

"व्याख्या 1. xxxx

(ख) सदन के किसी ऐसे सदस्य के संबंध में जो, पैरा 2 या [xxx] पैरा 4 के उपबंधों के अनुसार किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, "विधान-दल" से, उस सदन के ऐसे सभी सदस्यों का समूह अभिप्रेत है जो उक्त उपबंधों के अनुसार तत्समय उस राजनीतिक दल के सदस्य हैं;

(ग) सदन के किसी सदस्य के संबंध में, "मूल राजनीतिक दल" से ऐसा राजनीतिक दल अभिप्रेत है जिसका वह पैरा 2 के उपपैरा (1) के प्रयोजनों के लिए सदस्य है।"

यह राजनीतिक दलों द्वारा किए गए किसी राजनीतिक गठबंधन का संज्ञान नहीं लेता है। महागठबंधन बिहार में विधान सभा चुनाव लड़ने के प्रयोजनार्थ कुछ राजनीतिक दलों द्वारा बनाया गया राजनीतिक गठबंधन है और जनता दल (यूनाइटेड) इसका एक घटक था। इस प्रकार, राजनीतिक दलों द्वारा किसी राजनीतिक गठबंधन को छोड़ देना या उसमें शामिल होना दल परिवर्तन-रोधी कानून के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

17. प्रतिवादी का बार-बार यह दोहराना, कि जेडी(यू) से संबंधित विवाद का मामला भारत निर्वाचन आयोग में लंबित है, निरर्हता संबंधी याचिका पर निर्णय के लिए प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि यह पूर्णत: दल का आंतरिक मामला है और दसवीं अनुसूची के अधिकार-क्षेत्र से बाहर है, और इसलिए, मेरे अधिकार-क्षेत्र से बाहर है। वैसे भी, याचिकाकर्ता और प्रतिवादी द्वारा स्वयं मेरे समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों के अनुसार भारत के निर्वाचन आयोग ने प्रतिवादी द्वारा समर्थित गुट के दावे को यह कहकर दो बार खारिज कर दिया है कि उनके दावे के

समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण नहीं हैं। प्रतिवादी ने राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल के नेता के पद से उन्हें हटाने से संबंधित निर्णय की वैधता और जेडी(यू) के महासचिव, श्री के.सी. त्यागी द्वारा उन्हें आरजेडी द्वारा आयोजित रैली में भाग न लेने के संबंध में उन्हें निदेश जारी करने के कानूनी और नैतिक प्राधिकार पर प्रश्न उठाया है। इस संदर्भ में, मुझे उस सूक्ति का अनुसरण करना पड़ेगा कि किसी भी लोकतंत्र में बहुमत के निर्णय और बहुमत की आवाज को ही स्वीकार किया जाना चाहिए। इसलिए, यदि किसी संसदीय दल/गुट के नेतृत्व के संबंध में कोई विवाद खड़ा होता है, तो मुझे प्रत्येक पक्ष द्वारा अपने-अपने दावे के संबंध में मेरे समक्ष प्रस्तुत तथ्य और साक्ष्य के आधार पर जांच और निर्णय करना होगा। वर्तमान मामले में, प्रतिवादी दस्तावेजी या अन्य साक्ष्य के साथ यह सिद्ध करने में असफल रहा है कि उनके गुट को राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल में बहुमत का समर्थन हासिल है। इसके विपरीत, श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह को 11 अगस्त, 2017 को नई दिल्ली में हुई जेडी(यू) संसदीय दल की बैठक में सर्वसम्मति से राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल के नेता के पद पर चुन लिया गया था, और लोक सभा सदस्य व संसद में जेडी(यू) के नेता श्री कौशलेन्द्र कुमार ने राज्य सभा सचिवालय को इसकी सूचना दी थी। राज्य सभा सचिवालय ने इसका संज्ञान लिया और राज्य सभा के अभिलेखों को तदनुसार अद्यतन किया गया। इसके अतिरिक्त, 2016 में संगठनात्मक चुनावों के पश्चात जेडी(यू) द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्री के. सी. त्यागी वर्तमान में जेडी(यू) के महासचिव हैं। प्रतिवादी का यह दावा भी तर्कसंगत नहीं है कि याचिकाकर्ता याचिका दायर करने की अधिस्थिति में नहीं है, क्योंकि याचिकाकर्ता श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह राज्य सभा के एक सदस्य हैं और नियमों के अनुसार, राज्य सभा का कोई भी सदस्य किसी अन्य सदस्य की निरर्हता की मांग करने वाली याचिका दायर कर सकता है।

18. मात्र यही तथ्य, कि प्रतिवादी ने जेडी(यू) के महासचिव श्री के.सी. त्यागी द्वारा उन्हें आरजेडी द्वारा आयोजित रैली में भाग न लेने के संबंध में लिखित निदेश जारी करने और यह चेतावनी देने कि उसमें भाग लेने की स्थिति में यह माना जाएगा कि उन्होंने स्वेच्छा से जेडी(यू) की सदस्यता छोड़ दी है, के बावजूद 27 अगस्त, 2017 को पटना में विरोधी दल, अर्थात राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक रैली में भाग लिया और उसे संबोधित किया, स्पष्ट रूप से यह स्थापित करने के लिए पर्याप्त है कि उन्हें दल के निदेश से कोई सरोकार नहीं है और उन्होंने खुले-आम उसका उल्लंघन किया है। इसके अतिरिक्त, यह तथ्य, कि उन्होंने जेडी(यू) के अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार के विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग में दर्ज की गई शिकायत का समर्थन किया है और जेडी(यू) के कुछ सदस्यों के समर्थन से श्री नीतीश कुमार के निर्णयों को गैर-कानूनी, अवैध और अमान्य घोषित करने का संकल्प प्रस्तुत और पारित किया है, जिसके संबंध में उन्होंने स्वयं दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया है, भी स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि उन्होंने दल-विरोधी गतिविधियों में भाग लिया है। उनके द्वारा श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन छोड़ने के निर्णय और भाजपा के साथ मिलने की सार्वजनिक रूप से निन्दा करना और जेडी(यू) के विरोधी दल, अर्थात राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों और नीतियों के समर्थन करने, उनके साथ मंच साझा करने और उनकी बैठकों/रैली को संबोधित करने के द्वारा आरजेडी के साथ सार्वजनिक रूप से जुड़ना, जिनको न तो उन्होंने अस्वीकार किया है और न ही उसका खंडन किया है, भी इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि वह अब उस दल की नीतियों और निर्णयों का समर्थन नहीं करते हैं, जिस दल के टिकट पर वह चुने गए थे। मेरे समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों से भी ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने अपनी आपत्तियों को अपने दल के मंच पर उठाने, जिसके लिए उनके पास पर्याप्त अवसर मौजूद थे, अर्थात, 11 जुलाई, 2017 को जेडी(यू) की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी की बैठक, और 19 अगस्त, 2017 को जेडी(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक, के बजाय वह मीडिया में और विरोधी राजनीतिक दल की बैठकों/रैली सहित सार्वजनिक मंचों पर अपने दल की नीतियों और दल के अध्यक्ष के निर्णयों की आलोचना करते रहे। यद्यपि प्रतिवादी ने याचिका के संबंध में अपनी टिप्पणियों में उल्लेख किया है कि उन्होंने महागठबंधन से अलग होने के निर्णय के संबंध में 12 अगस्त, 2017 को श्री नीतीश कुमार के समक्ष अपनी असम्मति व्यक्त की थी, तथापि, उन्होंने इसके समर्थन में कोई दस्तावेजी प्रमाण या अन्य तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए। उन्होंने इस पर श्री नीतीश कुमार की प्रतिक्रिया पर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। प्रतिवादी का दावा था कि दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए दल के नेताओं के निर्णय की आलोचना करने का अर्थ स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना नहीं है। यहां, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि एक राजनीतिक दल, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक अनिवार्य हिस्सा है, सामूहिक फैसले के माध्यम से काम करता है। हालांकि किसी व्यक्ति का दल के फैसले से कोई मतभेद हो सकता है, लेकिन अंततः उसे दल के सामूहिक निर्णय का पालन करना होता है। उसे कोई निर्णय लिए जाने से पहले दल की बैठकों और मंचों में और उसके बाद भी अपने विचार व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। लेकिन निर्णय लेने के बाद अगर किसी भी राजनीतिक दल का कोई सदस्य सार्वजनिक रूप से अपने दल के निर्णयों की आलोचना शुरू कर देता है, और यहां तक कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों की रैलियों में भाग लेना और उन्हें संबोधित करने लगता है, तो यह दल-विरोधी गतिविधि के तहत आ जाएगा और यदि संबंधित व्यक्ति राज्य विधानसभा या संसद का सदस्य है, तो इसे स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना माना जाएगा, और इस प्रकार यह दसवीं अनुसूची के अंतर्गत निरर्हता माना जाएगा। मेरे विचार से, कोई सदस्य दल की नीतियों और घोषणापत्रों के कारण किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार के रूप में चुना जाता है और यदि वह सदस्य अपने दल की सार्वजनिक रूप से आलोचना करता है, तो यह माना जाएगा कि उसने स्वेच्छा से अपने दल की सदस्यता को छोड़ दिया है।

19. दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) में उल्लेख किया गया है कि 'सदन का कोई सदस्य, जो किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, सदन का सदस्य होने के लिए उस दशा में निरर्हित होगा जिसमें उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है।' उच्चतम न्यायालय ने रवि नाइक बनाम भारत संघ [1994 एआईआर 1558, 1994 एससीआर (1) 754, 1994 एससीसी अनु. (2) 641, जेटी 1994 (1) 551, 1994 स्केल (1) 487] मामले में 9 फरवरी, 1994 के अपने निर्णय में 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' को पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया है, जिसमें न्यायालय ने अन्य के साथ-साथ यह समुक्ति की है:-

> " 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्द 'त्यागपत्र' का पर्याय नहीं हैं और इसके व्यापक अर्थ हैं। एक व्यक्ति स्वेच्छा से एक राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता को छोड़ सकता है, हालांकि उसने उस पार्टी की सदस्यता से अपना त्यागपत्र नहीं दिया है। यहां तक कि सदस्यता से औपचारिक त्यागपत्र की अनुपस्थिति में किसी सदस्य के आचरण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि उन्होंने स्वयं उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ दी है, जिससे वह संबंधित हैं।"

उसी मामले में, उच्चतम न्यायालय ने गोवा विधान सभा अध्यक्ष के दो विधायकों को, जो महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के टिकट पर निर्वाचित हुए थे, उनके केवल इस आचरण पर कि वे गोवा में कांग्रेस (आई) संसदीय दल के नेता द्वारा राज्यपाल से मिलकर यह दर्शाने के लिए कि उनके पास बीस विधायकों का समर्थन है, उनके साथ गए थे, निरर्ह करने के निर्णय को बरकरार रखा था।

20. उच्चतम न्यायालय ने जी. विश्वनाथन बनाम माननीय अध्यक्ष, तमिलनाडु विधानसभा, मद्रास एवं अन्य [1996 एआईआर 1060, 1996 एससीसी (2) 353, जेटी 1996 (1) 607, 1996 स्केल (1) 531] मामले में 24 जनवरी, 1996 के अपने आदेश में अन्य के साथ-साथ यह समुक्ति की है:-

> " राजनीतिक दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोडने का कृत्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हो सकता है।"

21. रवि नाइक मामले में उच्चतम न्यायालय की उक्त समुक्तियों से पूर्व विशेषाधिकार समिति (आठवीं लोक सभा) ने भी 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' के अर्थ पर विचार किया था और निम्नलिखित समुक्ति की थी:-

> "समिति ने इस बात पर भी विचार किया है कि किसी सदस्य द्वारा किसी राजनैतिक दल की सदस्यता को स्वेच्छा से छोड़ देना किस कृत्य को माना जाएगा। समिति ने नोट किया है कि दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2 (1) (क) में उपयोग किए गए शब्द 'यदि उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' हैं न कि 'यदि उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है'। समिति का मानना है कि 'स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्दों का प्रयोग बहुत महत्वपूर्ण है ...... इस बात पर बल देना कि स्वेच्छा से सक्षम प्राधिकारी को त्यागपत्र सौंपने को ही निरर्हता माना जाएगा वास्तव में संवैधानिक उपबंध की एक संकीर्ण व्याख्या होगी और इससे वस्तुत: वह उद्देश्य ही निरर्थक हो जाएगा जिस पर संसद ने संविधान (बावनवां संशोधन) अधिनियम लागू करते समय विचार किया था और ऐसी व्याख्या दसवीं अनुसूची के उपबंधों को निरर्थक बना देगी।
>
> समिति का विश्वास है कि ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए ही 'स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्द पैरा 2 (1) (क) में उपयोग किए गए थे। चूंकि कानून सटीक तरीके से यह परिभाषित नहीं करता है जिसमें सदस्यता को छोड़ दिया जाना है, शब्दों की उस भावना के अनुसार व्याख्या की जानी चाहिए, जिस भावना से वे अधिनियम में उपयोग किए गए हैं। कानून बनाने वालों का इरादा काफी स्पष्ट है: केवल अपने त्यागपत्र के द्वारा ही नहीं बल्कि अपने आचरण से भी कोई सदस्य अपने राजनीतिक दल की सदस्यता को छोड़ सकता है। समिति का मानना है कि यदि कोई सदस्य अपने आचरण से यह पर्याप्त रूप से स्पष्ट करता है कि वह दल के अनुशासन से बंधा नहीं है और यहां तक कि अपने आचरण से इसे समाप्त करने के लिए तैयार है, तो उसे अपनी सीट खोने की कीमत चुकाने और पुन: चुने जाने के लिए तैयार रहना चाहिए।"

22. डा. महाचन्द्र प्रसाद सिंह बनाम अध्यक्ष, बिहार विधान परिषद एवं अन्य [(2004) 8 एससीसी 747] मामले में 27 अक्तूबर, 2004 के अपने एक अन्य निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने समुक्ति की :-

> "इसलिए, सदन के किसी सदस्य की निरर्हता के संबंध में निर्णय लेने का अंतिम अधिकार सदन के सभापति या अध्यक्ष में निहित है। इस तथ्य पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि दसवीं अनुसूची सदन के सभापति या अध्यक्ष को कोई विवेकाधिकार प्रदान नहीं करती है। उनकी भूमिका केवल संबंधित तथ्यों की जांच करने तक सीमित है। एक बार एकत्रित या प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाए कि सदन के किसी सदस्य ने ऐसा कोई कार्य किया है जो दसवीं अनुसूची के पैरा 2 उप-पैरा (1), (2) या (3) के अधिकारक्षेत्र में आता है, तो ऐसी स्थिति में निरर्हता लागू होगी और सदन के सभापति या अध्यक्ष को उस पर निर्णय लेना होगा।"

23. दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2(1)(क) के उल्लंघन के आरोप से संबंधित याचिका पर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस तरह की आधिकारिक घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए, पदनामित प्राधिकारी के रूप में सभापति की भूमिका केवल तथ्यों की जांच करने और एक बार तथ्यों के एकत्रित होने या प्रस्तुत होने पर दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2(1)(क) के अर्थ के भीतर, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई कृत्य दिखाई देने की स्थिति में उस मामले में निर्णय लेने तक सीमित है। दसवीं अनुसूची के ऊपर उद्धृत पैरा के अधीन पीठासीन अधिकारी को जितनी सीमित भूमिका अदा करनी होती है, वह डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह बनाम अध्यक्ष, बिहार विधान परिषद और अन्य [(2004) 8 एससीसी 747], में उच्चतम न्यायालय ने पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया था, उन्होंने निम्नानुसार समुक्ति की थी:-

> "इस तथ्य पर ध्यान दिया जाए कि दसवीं अनुसूची के पैरा 2 में सुविचारित विभिन्न आकस्मिकताओं के लिए की जाने वाली जांच के स्वरूप और दर्जे में अंतर हो सकता है। जहाँ तक पैरा 2(1) के खंड (क) का संबंध है, जाँच सीमित रहेगी अर्थात्, क्या किसी राजनीतिक दल से संबंध रखने वाले सभा के किसी सदस्य ने स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ दी है।"

इस प्रकार, अब यह मुझे तय करना है कि क्या प्रतिवादी ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में स्वेच्छा से अपने राजनीतिक दल अर्थात्, जेडी (यू) की सदस्यता त्याग दी है। मेरे समक्ष प्रस्तुत तथ्यों/साक्ष्य के आधार पर प्रतिवादी के कृत्यों और बयानों से, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने स्वेच्छा से अपनी जेडी(यू) की सदस्यता त्याग दी है, जिसके टिकट पर वह राज्यसभा के लिए चुने गए थे।

24. याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी द्वारा दल-विरोधी गतिविधियों और स्वेच्छा से जेडी (यू) की सदस्यता के परित्याग के साक्ष्य के रूप में मुख्य रूप से अख़बारों की कतरनों और विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित वीडियो रिकॉर्डिंग को आधार बनाया है। प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता द्वारा अख़बार की कतरनों और वीडियो रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के रूप में उपयोग करने का यह कह कर विरोध किया है कि किसी भी स्पष्ट प्रमाण के अभाव में साक्ष्य के रूप में अखबारों के लेखों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हालांकि, यह विडंबना है कि प्रतिवादी के इस आक्षेप के बावजूद, उन्होंने स्वयं श्री नीतीश कुमार के खिलाफ अपने प्रति-आरोपों के समर्थन में अख़बार की कतरनों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। मेरे विचार में, केवल अखबार की रिपोर्टों को ठोस साक्ष्य के रूप में नहीं लिया जा सकता है, और केवल विश्वसनीय परिस्थिति साक्ष्य के रूप में लिया जा सकता है, जब तक अन्यथा साबित न हो। सामंत एन. बालाकृष्णा आदि बनाम जॉर्ज फर्नांडिस एवं अन्य आदि [1969 एआई आर 1201, 1969 एससीआर (3) 603, 1969 एससीसी (3) 238] मामले में उच्चतम न्यायालय ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित समुक्ति की है:-

> "ऐसे किसी समाचार, जिसमें साक्षियों के माध्यम से आगे यह प्रमाणित नहीं किया गया है कि वास्तव में क्या हुआ, का कोई महत्व नहीं है। अधिक से अधिक इसे ग्रहणीय गौण साक्ष्य माना जा सकता है। xxxx ऐसे समाचार स्वयं को प्रमाणित नहीं करते हैं, यद्यपि अन्य साक्ष्य के साथ इन पर विचार किया जा सकता है, यदि अन्य साक्ष्य सुस्पष्ट हों।"

तथापि, वर्तमान मामले में मुझे ऐसा कोई कारण दिखाई नहीं देता कि इतने सारे समाचारपत्र और मीडिया चैनल किसी बात को गलत तरीके से प्रकाशित/प्रसारित क्यों करेंगे, और यदि ऐसा हुआ भी है, तो प्रतिवादी से कम-से-कम यह अपेक्षा थी कि वह इनका तत्काल खंडन करें और इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी करे। इस मामले में अनेक प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय/राज्य समाचारपत्रों और मीडिया चैनलों ने वास्तव में प्रतिवादी द्वारा आरजेडी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार करने और 27 अगस्त, 2017 को आरजेडी द्वारा आयोजित सार्वजनिक रैली को संबोधित करने और श्री नीतीश कुमार के निर्णय की आलोचना करने की खबर दिखाई थी। याची द्वारा प्रस्तुत वीडियो रिकॉर्डिंग्स तथा समाचार पत्रों की कतरनों/लेखों से मुझे ज्ञात हुआ है कि प्रतिवादी ने अनेक अवसरों पर, विशेषकर विभिन्न मीडिया चैनलों को दी गई मीडिया बाइट/साक्षात्कारों में, श्री नीतीश कुमार के महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनाने के निर्णय, जिससे कि बिहार के जनता के जनादेश तथा भरोसे के साथ विश्वासघात हुआ है, की निंदा की है और यह दृढ़ता से कहा कि कि वह 27 अगस्त, 2017 को पटना में राजद द्वारा आयोजित रैली में शामिल होंगे। मैंने यह भी पाया है कि उन्होंने बिहार के कुछ जिलों में जन सभाओं के साथ-साथ 27 अगस्त, 2017 को पटना के गांधी मैदान में राजद की आम रैली को संबोधित करते हुए महागठबंधन का समर्थन किया है। इस तरह वीडियो रिकॉर्डिंग में पर्याप्त और संदेहातीत ऐसे प्रमाण हैं कि प्रतिवादी ने वास्तव में उक्त रैली में सम्मिलित होकर उसे संबोधित किया और अपने दल तथा उसके अध्यक्ष की खुलेआम आलोचना करते हुए बयान दिए। इसके अतिरिक्त, प्रतिवादी ने समाचारपत्रों की कतरनों/मीडिया रिपोर्टों में दिखाए जा रहे आरोपों से स्पष्ट रूप से इनकार करने और उनका खंडन करने के स्थान पर स्वयं यह स्वीकार किया है कि उन्होंने विरोधी दल, अर्थात आरजेडी द्वारा आयोजित रैली में भाग लिया है और उसे संबोधित किया है। अत:, यह मानने का कोई कारण नहीं है कि वीडियो रिकार्डिंग्स के साथ छेड़छाड़ की गई है और इसलिए भी, कि प्रतिवादी ने उनकी सत्यता पर सवाल नहीं उठाया है। इसलिए, मेरे लिए समाचारपत्रों की खबरों के अतिरिक्त वीडियो रिकार्डिंग्स के रूप में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं जो इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि प्रतिवादी ने वास्तव में आरजेडी की रैली में भाग लिया है; महागठबंधन से अलग होने और भाजपा के समर्थन से सरकार

बनाने के अपने स्वयं के दल के निर्णय की आलोचना की है; और प्रतिवादी की स्वयं की स्वीकारोक्ति कि उसने रैली में भाग लिया है, जिनसे यह निष्कर्ष निकलता है कि प्रतिवादी ने दल-विरोधी गतिविधियों में भाग लिया है, और इस प्रकार भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के उपबंध उस पर लागू होते हैं।

25. संयोगवश, मेरी जानकारी में यह तथ्य भी आया है कि प्रतिवादी के प्राथमिक तर्क, कि श्री छोटूभाई अमरसंग वसावा, कार्यवाहक अध्यक्ष के नेतृत्व वाला गुट, जिसमें वह और उनके समर्थक शामिल हैं, वास्तविक जेडी (यू) है को भारत के निर्वाचन आयोग के दिनांक 17 नवंबर, 2017 के आदेश द्वारा पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। उस आदेश में अन्य बातों के साथ-साथ यह उल्लेख है :-

(i) दोनों समूहों द्वारा अपने-अपने दावों के समर्थन में लिखित और मौखिक, दोनों रूप में प्रस्तुत किए गए निवेदनों और दस्तावेजों पर विचार करने के पश्चात आयोग मानता है कि संगठनात्मक और विधायी स्कंधों में बहुमत के समर्थन के परीक्षण का सिद्धांत, जिसे माननीय उच्चतम न्यायालय ने सादिक अली बनाम भारत चुनाव आयोग एवं अन्य (एआईआर 1972 एससी 187) में सही ठहराया है, और जिसे अतीत में ऐसे सभी मामलों में आयोग द्वारा लगातार लागू किया गया है, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में वर्तमान मामले में लागू होगा।

(ii) श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाले प्रतिवादी गुट ने विधायी स्कंध में प्रचंड बहुमत और दल की राष्ट्रीय परिषद, जो कि दल का सर्वोच्च संगठनात्मक निकाय है, में बहुमत प्रदर्शित किया है।

(iii) तदनुसार, श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाले गुट को चिन्ह आदेश के पैरा-15 के उपबंधों के अनुसार जनता दल (यूनाइटेड) के रूप में मान्यता दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप, श्री नीतीश कुमार बिहार के एक मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय दल के रूप में दल के लिए आरक्षित 'तीर' चिन्ह का उपयोग करने के पात्र हैं।

भारत के निर्वाचन आयोग के उक्त आदेशों ने जेडी(यू) के नेतृत्व और कौन सा गुट वास्तविक दल है, के संबंध में लंबित विवाद को विराम दे दिया है। इसके पश्चात भारत के निर्वाचन आयोग ने 25 नवम्बर, 2017 को इस संबंध में विस्तृत आदेश भी पारित किया है।

26. अपने आदेश की घोषणा से पहले, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि कुछ पीठासीन अधिकारियों की, जिन्होंने भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हता संबंधी याचिका पर तर्कसंगत समय के भीतर निर्णय नहीं लिए, काफी आलोचना होती रही है। यह देखा गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों द्वारा इन याचिकाओं संबंधी निर्णय लेने में अनावश्यक देरी के बारे में चिंता जताई है। अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा बनाम कुलदीप बिश्नोई और अन्य (एआईआर 2013 एससी 120) मामले में, विधान सभा के अध्यक्ष ने निरर्हता की याचिका पर निर्णय लेने में व्यवहारिक तौर पर, लगभग चार वर्षों का समय लिया और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की एकल पीठ और एक खण्डपीठ और अंतत: उच्चतम न्यायालय को दिनांक 28 सितम्बर, 2012 के अपने आदेश में विधानसभा अध्यक्ष को इस याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेने का निदेश देना पड़ा। उत्तर प्रदेश विधान सभा के दूसरे मामले में निरर्हता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा इसी प्रकार की देरी की गई थी और अंतत: मामला उच्चतम न्यायालय के पास गया [मायावती बनाम मार्कण्डेय चंद और अन्य (1998 7 एससीसी 517)]। उच्चतम न्यायालय ने विधान सभा अध्यक्ष को मामला लौटाए जाने के बजाय विधायक को स्वयं निरर्ह करार दे दिया। ऐसे अनेक अन्य मामले भी है, जिनमें न्यायालयों ने ऐसी याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनावश्यक देरी के बारे में चिंता जताई है। मेरा यह सुविचारित मत है कि ऐसी याचिकाएं जो लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के मूल सिद्धांतों से जुड़ी होती हैं और जिनमें यह प्रश्न अंतर्ग्रस्त होता है कि क्या कोई विधायक विशेष (विधि-निर्माता) विधान सभा में बैठने का हकदार है अथवा नहीं, को पीठासीन अधिकारियों द्वारा इसलिए लंबित और लटकाये नहीं रखा जाना चाहिए ताकि उस व्यक्ति की सदस्यता जिसे अन्यथा निरर्ह घोषित किया गया हो, को बचाया जा सके या सरकार को बचाया जा सके जो इस प्रकार के व्यक्तियों के कारण बहुमत में बनी रहती है। मेरा यह विचार है कि ऐसी सभी याचिकाओं पर पीठासीन अधिकारियों द्वारा संबंधित सदस्यों जिनके विरूद्ध ऐसे आरोप हों, जिससे भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन वे निरर्ह हो जाएंगे, को नि:संदेह विधि के अनुसार अवसर देकर लगभग तीन महीनों के भीतर निर्णय दिया जाना चाहिए ताकि राजनीतिक दल-बदल की बुराई को प्रभावी ढंग से निष्फल किया जा सके, जिसे यदि अनियंत्रित रखा गया तो उससे हमारे लोकतंत्र का मूल आधार और वे सिद्धांत जो इसे अक्षुण्ण बनाए हुए हैं, खोखले हो जाएंगे। पीठासीन अधिकारियों के पास निरर्हता संबंधी याचिकाओं के संबंध में न्याय-निर्णयन की शक्ति निहित किए जाने के पीछे विधि-निर्माताओं की मंशा उनके उचित और शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने की थी जो कि दिनांक 30 जनवरी, 1985 को लोक सभा में संविधान (52वां संशोधन) विधेयक, 1985 को प्रस्तुत करते समय तत्कालीन विधि मंत्री के निम्नलिखित वक्तव्य से बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है :--

"यदि इस विधेयक को प्रभावी बनाना है और यदि दल-बदल को कारगर ढंग से नियम-विरूद्ध घोषित करना है तो हमें एक मंच का चयन करना होगा जो इस मामले पर निर्भीकता और शीघ्रता से निर्णय लेगा। यह एकमात्र ऐसा संभव मंच है।"

तत्कालीन प्रधान मंत्री ने भी, दिनांक 31 जनवरी, 1985 को राज्य सभा में इस विधेयक के संबंध में हुई चर्चा में भाग लेते हुए इसी प्रकार की समुक्ति की थी:--

> "हमने इस विधेयक में इसे यथासंभव लिखित में बनाने का प्रयास किया है ताकि किसी के द्वारा निर्णय लेने के समय कोई बात अस्पष्ट न रह जाए। यह निर्णय स्वचालित, अभिलेखबद्ध घटनाओं के क्रम द्वारा समर्थित, होने चाहिएं ताकि उसके बारे में वाद-विवाद की कोई संभावना न हो। हमने यह भी सोचा है कि विधेयक का प्रचालन भी त्वरित हो ताकि सांसदों की खरीद-फरोख्त करने या अन्य किसी समस्या के उत्पन्न होने के लिए कोई समय न मिल पाए। यही कारण है कि हमने इसका निर्णय किया जाना सभापति या लोकसभाध्यक्ष पर छोड़ दिया है।"

> *(ii) The respondent group led by Sh. Nitish Kumar has demonstrated overwhelming majority support in the legislature wing as well as the majority in the National Council of the Party which is the Apex level organisational Body of the Party.*
>
> *(iii) Accordingly, the group led by Sh. Nitish Kumar is hereby recognised as the Janata Dal (United) in terms of Paragraph-15 of the Symbols Order. Consequently, the group led by Sh. Nitish Kumar is entitled to use the reserved symbol 'Arrow' of the Party as a recognised State Party in Bihar."*

The above-said orders of the ECI have laid to rest the pending dispute over the leadership of the JD(U) and the group which constitutes the real party. Subsequently, the ECI has also passed a detailed Order in this regard on the 25th of November, 2017.

26. Before pronouncing my Order, I would like to mention that there has been widespread criticism of some Presiding Officers, who did not take a decision on the disqualification petitions, under the Tenth Schedule of the Constitution of India, within reasonable time. It has been noticed that the Hon'ble Supreme Court also expressed its concern about the unnecessary delay in deciding these petitions by the Presiding Officers of the Legislatures. In the case of *Speaker, Haryana Vidhan Sabha Vs Kuldeep Bishnoi & Ors. (AIR 2013 SC 120)*, the Speaker of the Assembly practically took about four years in deciding the petition of disqualification and single bench and a division bench of the Punjab & Haryana High Court and ultimately the Supreme Court *vide* its Order dated the 28th of September, 2012, had to give a direction to the Speaker to decide the petition within three months. In another case in the Uttar Pradesh Legislative Assembly, similar type of delay was caused by the Speaker in deciding the disqualification petition and ultimately the matter went to the Supreme Court *[Mayawati Vs Markandeya Chand & Ors (1998 7 SCC 517)]*. The Supreme Court instead of remanding the case to the Speaker, disqualified the MLAs itself. There have been many other cases also, where the Courts have expressed concern about the unnecessary delay in deciding such petitions. I am of the considered opinion that, such petitions which go to the root of the democratic functioning and which raise the question, whether a particular legislator (lawmaker) is entitled to sit in the Legislature or not, should not be kept pending and dragged on by the Presiding Officers, with a view to save the membership of the persons, who have otherwise incurred disqualification or even to save the Government, which enjoys majority only because of such type of persons. I am of the view that, all such petitions should be decided by the Presiding Officers within a period of around three months, of course, by giving an opportunity, as per law, to the concerned Members against whom there are allegations, which lead to their disqualification under the Tenth Schedule to the Constitution of India, so as to effectively thwart the evil of political defections, which if left uncurbed are likely to undermine the very foundations of our democracy and the principles which sustain it. The intention of the lawmakers to vest the adjudicatory power with respect to disqualification petitions with the Presiding Officers to ensure their fair and expeditious disposal is also clearly evident from the following statement of the then Law Minister, while piloting the Constitution (52nd Amendment) Bill, 1985 in the Lok Sabha, on the 30th of January, 1985:—

> *" If this Bill is to be effective, and if defection is to be outlawed effectively, then we must choose a forum which will decide the matter fearlessly and expeditiously. This is the only forum that is possible."*

The then Prime Minister had also made a similar observation, while participating in the debate on the Bill in the Rajya Sabha on the 31st of January, 1985:—

> *" What we have tried to do in this Bill is to make it as black and white as possible so that there are no grey areas where somebody has to take a decision. The decision should be automatic, backed by a sequence of events, which are on record, so that there is no debate about it. We also thought that the operation of the Bill should be quick so that there is no time for horse-trading to take place or any other problem to arise. That is why we left this to the Chairman or the Speaker."*

At this juncture, it would be worthwhile to mention that sub-rule (3) of Rule 7 of the Rules, *inter alia* lays down that a Member, in relation to whom the Petition has been made, shall, **within seven days of the receipt of copy of the petition,** or within such further period as the Chairman may for sufficient cause allow, forward his comments in writing thereon to the Chairman. The very fact that only seven days time has been allowed in the Rules to the Respondent to furnish his comments on a disqualification petition filed against him, is clearly indicative of the intent of the Rule for expeditious disposal of disqualification petition. In the present case, the petition was filed on the 2nd of September, 2017 and is being disposed of expeditiously *vide* my order of today, *i.e.,* the 4th of December, 2017.

27. After taking into account the facts of the case, the comments of the Respondent and the Petitioner, the Respondent's oral submission during the personal hearing on the 8th of November, 2017 and the observations of the Committee of Privileges of the Eighth Lok Sabha and Hon'ble Supreme Court's Judgement in the *1994 Ravi Naik Vs. Union of India* case and observations in similar anti-defection cases, it is crystal clear that by his conduct, actions and speeches, the Respondent, Shri Sharad Yadav, has voluntarily given up his membership of the political party, Janata Dal (United) by which he was set up as a candidate for election to the Rajya Sabha from the State of Bihar in 2016 and elected as such Member.

28. I, therefore, hold that the Respondent, Shri Sharad Yadav has incurred disqualification for being a Member of the House in terms of paragraph 2 (1) (a) of the Tenth Schedule to the Constitution of India. He has thus ceased to be a Member of the Rajya Sabha with immediate effect. I decide and declare accordingly.

*Sd./-*

New Delhi, M. VENKAIAH NAIDU

December 4, 2017 *Chairman, Rajya Sabha"*

DESH DEEPAK VERMA, Secy.-General

**अधिसूचना**

नई दिल्ली 4 दिसम्बर, 2017

**सं.आरएस.46/2017-टी .**—भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 6(1) के अधीन राज्य सभा के अन्य सदस्य श्री अली अनवर अंसारी के संबंध में राज्य सभा सदस्य, श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह की याचिका के मामले में राज्य सभा के सभापति द्वारा दिनांक 4 दिसम्बर, 2017 को दिए गए निम्नलिखित निर्णय को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है:—

"आदेश

राज्य सभा सदस्य और राज्यसभा में जनता दल (यूनाइटेड) [जेडी(यू)] दल के नेता श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'याची' कहा गया है) ने 2 सितम्बर, 2017 को भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 6 के साथ पठित अनुच्छेद 102(2) और राज्य सभा सदस्य (दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता) नियम, 1985 (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'नियमों' कहा गया है) के नियम 6 के अधीन एक याचिका दायर की थी, जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि राज्य सभा सदस्य श्री अली अनवर अंसारी (जिन्हें इसके पश्चात् यहां 'प्रतिवादी' कहा गया है) को संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हित किया जाए और राज्यसभा में उनकी सीट रिक्त घोषित की जाए। याची ने अपनी याचिका में दावे के साथ कहा है कि प्रतिवादी श्री अली अनवर अंसारी ने, जो बिहार राज्य से भारतीय जनता (भाजपा) पार्टी के समर्थन से जनता दल (यूनाइटेड) के टिकट पर वर्ष 2006- 2012 की अवधि के लिए और पुन: 3 अप्रैल 2012 को वर्ष 2012- 2018 की अवधि के लिए राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे, बार-बार अपने आचरण से, जेडी(यू) दल और इसके नेतृत्व के विरुद्ध सार्वजनिक/प्रेस वक्तव्यों और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नामक प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल के साथ खुलेआम तालमेल कर अपनी राजनीतिक गतिविधियों से यह सिद्ध कर दिया है कि उन्होंने स्वेच्छा से जेडी(यू) दल की सदस्यता छोड़ दी है और इस प्रकार वह संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हता के अध्यधीन हो गए हैं। याची का मुख्य प्रतिवाद यह था कि जेडी(यू) दल और इसके अध्यक्ष, श्री नीतीश कुमार द्वारा 26 जुलाई, 2017 को महागठबंधन और बिहार में 2015 में गठित गठबंधन सरकार से बाहर आने के सर्वसम्मत निर्णय का पालन करने के स्थान पर प्रतिवादी ने एक अन्य असंतुष्ट सदस्य, श्री शरद यादव के साथ दल के निर्णय की सार्वजनिक निंदा कर दल-विरोधी गतिविधियां शुरू कर दीं। उन्होंने आरजेडी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पटना में प्रचार किया और 27 अगस्त, 2017 को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल नामत: आरजेडी द्वारा आहूत सार्वजनिक रैली में भाग लिया जबकि उन्हें यह जानकारी थी कि रैली में उनके भाग लेने को न केवल नैतिकता के उच्च मानदंडों के विपरीत माना जाएगा बल्कि यह भी समझा जाएगा कि वह स्वेच्छा से जेडी(यू) दल की सदस्यता छोड़ रहे हैं। याची ने आरोपों के सबूत के तौर पर समाचार पत्रों के अंश, मीडिया रिपोर्ट और वीडियो संलग्न किये हैं।

2. इस तथ्य से संतुष्ट होने पर कि याचिका नियमों के नियम 6 की अपेक्षाओं को पूरा करती है, मैंने 11 सितम्बर, 2017 को नियम 7 के उप-नियम (3) के संदर्भ में याचिका और उसके सभी संलग्नकों की एक प्रति प्रतिवादी को, जिसके संबंध में याचिका दायर की गई थी, इस अनुरोध के साथ भिजवाई कि वह उक्त की प्राप्ति के सात (7) दिन के भीतर उस पर अपनी लिखित टिप्पणी प्रस्तुत करें। इसके उत्तर में, प्रतिवादी ने दिनांक 15 सितम्बर, 2017 और 18 सितम्बर, 2017 के पत्रों के द्वारा याचिका पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए एक माह का समय बढ़ाने की मांग की। तथापि, मैंने न्याय का पक्ष लेते हुए उन्हें अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए 25 सितम्बर, 2017 तक का समय दिया और उन्हें इसकी सूचना सचिवालय के 18 सितम्बर, 2017 के पत्र द्वारा दे दी गई।

3. प्रतिवादी ने 22 सितम्बर, 2017 को अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कीं, जिनमें उन्होंने याचिका में किए गए सभी प्रकथनों, दिए गए तर्कों और उठाए गए प्रतिवादों से इंकार किया और नियम 6 की अपेक्षाओं का अनुपालन न किए जाने के आधार पर उन्हीं नियमों के नियम 7 के उप-नियम (2) के अधीन याचिका खारिज करने की मांग की। प्रतिवादी ने कहा कि वह दल के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध हैं और जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्य हैं और दल को छोड़ने या किसी अन्य दल में शामिल होने या कोई नया दल बनाने का उनका कोई इरादा नहीं है, स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ने का तो कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने प्रतिवाद किया कि 'दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ने' के प्रश्न का विनिश्चय तभी हो सकता है, जब इस प्रश्न का निर्णय हो जाए कि 'वास्तविक दल' कौन सा है और चूंकि यह प्रश्न भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के समक्ष लंबित है, अत: भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम निर्णय दिए जाने के बाद ही उक्त याचिका पर कोई निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने प्रत्यारोप लगाया कि वास्तव में श्री नीतीश कुमार और उनके गुट ने भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध साझा मोर्चे के रूप में गठित महागठबंधन को छोड़कर और भाजपा से गठबंधन कर तथा बिहार की जनता द्वारा उनमें व्यक्त किए गए विश्वास और उसके जनादेश से जबरदस्त विश्वासघात कर जेडी(यू) दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री नीतीश कुमार ने दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए विशुद्ध राजनीतिक और अवसरवादी कारणों से वास्तविक जेडी(यू) का विभाजन कर दिया है। उनका मुख्य प्रतिवाद यह था कि दल के नेताओं द्वारा दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए लिए गए निर्णयों की आलोचना करने को स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना नहीं माना जा सकता'। प्रतिवादी ने मांग की कि इस प्रकथन, कि याची इस याचिका को दायर करने के

लिए सक्षम और यथोचित रूप से प्राधिकृत है, को कड़ाई से सिद्ध करने की आवश्यकता है, क्योंकि याची को जेडी (यू) के राज्य सभा के संसदीय दल के नेता के पद पर, दल के मानदंडों का पालन किए बिना और श्री शरद यादव को उक्त पद से अवैध, मनमाने और गलत ढंग से हटाने के बाद नियुक्त किया गया। उन्होंने याची द्वारा साक्ष्य के तौर पर समाचारपत्रों के लेखों/मीडिया क्लिपिंग के प्रयोग पर सवाल उठाया और कहा कि किन्हीं प्रामाणिक साक्ष्यों के अभाव में इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने जेडी(यू) दल के अध्यक्ष, श्री नीतीश कुमार के विरुद्ध अपने आरोपों के समर्थन में समाचारपत्रों के अंश और वीडियो के रूप में मीडिया रिपोर्ट भी संलग्न किए हैं।

4. दसवीं अनुसूची के अधीन राज्य सभा में निरर्हता के पूर्व मामलों के अभिलेखों का अवलोकन करने पर मैंने पाया कि विशेषाधिकार संबंधी समिति की प्रक्रियागत अपेक्षाएं ऐसी होती हैं कि प्राथमिक जांच और अंतिम प्रतिवेदन तैयार और प्रस्तुत करने में लंबा समय लगता है, जिससे अंततः निरर्हता संबंधी कार्यवाही और अंतिम प्रश्न के निर्धारण में विलंब होता है, जोकि दसवीं अनुसूची की प्रकृति और उद्देश्यों के ही विपरीत है। दल-बदल के परिणामों का सामना किए बगैर किसी सदस्य की सदस्यता बनाए रखने की अनुमति देकर ऐसा करना दल-परिवर्तन विरोधी कानून की मूल भावना अर्थात् दल-बदल की समस्या पर नियंत्रण, को ही समाप्त करने जैसा है। उच्चतम न्यायालय ने जगजीत सिंह बनाम हरियाणा राज्य और अन्य [(2006) 11 एससीसी 1] के मामले में दिनांक 11 दिसम्बर, 2006 के अपने आदेश में निम्नलिखित टिप्पणी की है:-

> "दल-परिवर्तन करने के बावजूद किसी सदस्य को सिर्फ तकनीकी आधारों के ऐसे दल-बदल के परिणामों का सामना न करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।"

इसके अतिरिक्त नियमों के नियम 7 का उप नियम (4) इस प्रकार है:-

> "याचिका के संबंध में, अनुज्ञात अवधि के भीतर, उपनियम (3) के अधीन प्राप्त (चाहे मूलतः या उक्त उपनियम के अधीन विस्तारित) टिप्पणी पर, यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात् सभापति उस प्रश्न का अवधारण करने की कार्यवाही करेगा या, यदि उसका उस मामले की प्रकृति और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो वह याचिका की प्रारंभिक जांच करने और उन्हें रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समिति को निर्देशित करेगा।"

इसके अवलोकन से यह पर्याप्त रूप से स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को विशेषाधिकार समिति के पास नियमित रूप से नहीं भेजा जा सकता। मामले की प्रकृति और परिस्थितियों के आधार पर, अध्यक्ष ने याचिका को समिति को प्राथमिक जांच के लिए भेज भी सकता है और नहीं भी। जब मामले के तथ्य स्पष्ट हों तो सभापति अपने विवेक के अनुसार इस मामले में स्वयं आगे कार्यवाही करने का निर्णय ले सकता है। नियम-7 के उप-नियम (4) में 'प्राथमिक जांच' शब्द के उपयोग की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है जिसका अर्थ है कि समिति द्वारा प्राथमिक जांच के बाद भी, सभापति को ही अंतिम रूप से तथ्यों का विश्लेषण करके अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना होता है। उपर्युक्त तथ्यों के मद्देनजर मैंने प्रतिवादी की निरर्हता संबंधी प्रश्न के अवधारण के लिए स्वयं आगे कार्यवाही करने का निर्णय लिया। इसलिए, न्याय के पक्ष में मैंने 7 अक्तूबर, 2017 को निर्देश दिया कि प्रतिवादी की टिप्पणियां याची को उनकी प्राप्ति के सात (7) दिनों के भीतर उन पर अपनी टिप्पणियां करने के लिए भेज दी जाएं।

5. याची ने 13 अक्तूबर, 2017 को अपनी टिप्पणियों में याचिका में पहले से उल्लिखित तथ्यों को फिर से दोहराया और निवेदन किया कि प्रतिवादी की टिप्पणियों का स्वरूप सैद्धान्तिक भाषण की तरह है और वह याचिका में किए गए विशिष्ट प्रकथनों का उत्तर देने और याचिका में लगाए गए आरोपों का स्पष्टतः खंडन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने प्रतिवादी के इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया कि दल के आंतरिक कामकाज के संबंध में कोई विवाद भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के समक्ष लंबित है, उन्होंने इसे तथ्यात्मक रूप से गलत बताया और कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग ने उनकी याचिका का संज्ञान लेने या याचिका पर विचार तक करने से मना कर दिया है। याची ने कहा कि दल के भीतर किसी विवाद की मौजूदगी, किसी निरर्हता याचिका के निर्धारण हेतु न तो सुसंगत है और न इससे संबंधित है। बल्कि, इसके लिए व्यक्ति के आचरण की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने प्रतिवाद किया कि समाचार पत्रों के लेख/मीडिया क्लिपिंग की विषय-सामग्री की सत्यता को असत्य साबित करने का उत्तरदायित्व प्रतिवादी पर है और प्रत्याख्यान या खंडन करने में विफल रहने का अर्थ स्वीकृति है। जहां तक महागठबंधन छोड़कर बिहार की जनता के विश्वास और जनादेश से विश्वासघात का प्रतिवादी का आरोप है, याची ने प्रतिवाद किया है कि श्री नीतीश कुमार को जेडी(यू) की विस्तृत राज्य कार्यकारी समिति की 11 जुलाई, 2017 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में 26 जुलाई, 2017 को महागठबंधन की सरकार को छोड़ना और बिहार के मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देना पड़ा। उक्त बैठक में विधायकों (विधान सभा, विधान परिषद), संसद सदस्यों (राज्य सभा और लोक सभा), सभी जिलाध्यक्षों और दल की विभिन्न इकाइयों/विंग/प्रकोष्ठों के सभी अध्यक्षों ने उनसे गठबंधन दल नामतः आरजेडी के कुछ नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार, धन शोधन और बेनामी संपत्तियों के गंभीर मामले सर्वविदित होने और अन्वेषण एजेंसियों द्वारा उनके विरुद्ध छापा मारने जैसे गंभीर मुद्दों से समझौता न करने का आग्रह किया था और उनसे यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन छोड़ने और बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में पद-त्याग करने के निर्णय को विधायक दल ने 26 जुलाई, 2017 की अपनी बैठक में

और जेडी(यू) दल की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति व राष्ट्रीय परिषद ने 19 अगस्त, 2017 को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया था। श्री नीतीश कुमार ने भाजपा द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सिद्धांतवादी रवैये की सराहना करते हुए दिए गए बिना शर्त समर्थन का प्रस्ताव स्वीकार किया और सरकार बनाई तथा 27 जुलाई, 2017 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने 28 जुलाई, 2017 को बिहार की विधान सभा में अपना बहुमत भी सिद्ध कर दिया। याची ने तर्क दिया है कि महागठबंधन, बिहार विधान सभा हेतु चुनाव लड़ने के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर तैयार महज एक राजनैतिक गठबंधन था और ऐसी कोई बाध्यता नहीं हो सकती थी कि गठबंधन के सहयोगी मूलभूत मतभेदों के बावजूद एक साथ रहें। उन्होंने राज्य सभा में जेडी (यू) दल के संसदीय दल के नेता के पद से श्री शरद यादव को अवैध रूप से हटाए जाने संबंधी आरोप को भी यह कहते हुए खारिज किया कि श्री यादव के आचरण के कारण उन्हें हटाया गया और यह निर्णय राज्य सभा में जेडी (यू) के सदस्यों के प्रचंड बहुमत से लिया गया। याची ने पुन: दोहराया कि प्रतिवादी द्वारा दल के एकमत से लिए गए निर्णय की अवहेलना और दल व इसके अध्यक्ष की उनके द्वारा सार्वजनिक आलोचना तथा आरजेडी नामक प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल के साथ खुलकर मेल-मिलाप करने को स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना माना जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी राजनीतिक दल और विशेषकर सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध मजबूत और गहरी प्रतिबद्धता वाला जेडी (यू) दल अपने किसी भी सदस्य को एक ऐसे राजनीतिक दल के साथ मेल-मिलाप करने की अनुमति नहीं दे सकता, जिसके नेता बेनामी संपत्ति और धनशोधन के गंभीर आरोपों सहित भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

6. नियम 7 के उप-नियम (7) के अनुसार, प्रतिवादी को अपना मामला प्रस्तुत करने और व्यक्तिगत सुनवाई का समुचित अवसर देने के मद्देनजर मैंने याचिका के संबंध में प्रतिवादी के दिनांक 22 सितम्बर, 2017 के उत्तरों पर याची की 13 अक्तूबर, 2017 की टिप्पणियों की प्रति के साथ प्रतिवादी को एक नोटिस भेजकर सूचना देने का निदेश दिया कि उन्हें 30 अक्तूबर, 2017 को प्रात: 10.00 बजे मेरे कक्ष अर्थात् कक्ष सं. 216, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, संसदीय सौध विस्तार भवन, नई दिल्ली में मेरे समक्ष मौखिक सुनवाई का एक अवसर दिया गया है। उन्हें सचिवालय के दिनांक 18 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा यह सूचना दी गई।

7. प्रतिवादी ने दिनांक 23 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा गुजरात और हिमाचल प्रदेश के राज्यों की विधान सभाओं के आगामी चुनावों से संबंधित बैठकों/व्यस्तताओं का कारण बताते हुए मौखिक साक्ष्य हेतु उपस्थित होने के लिए आठ सप्ताह का समय बढ़ाये जाने का अनुरोध किया था। जेडी (यू) दल की दिनांक 8 अक्तूबर, 2017 की राष्ट्रीय परिषद के संकल्प के पैरा 24 और 27 का संदर्भ देते हुए, उन्होंने उक्त संकल्प के अनुसरण में जेडी (यू) दल की ओर से तत्काल कार्यवाही प्रारंभ करने के याची के प्राधिकार पर भी प्रश्न उठाया। तथापि, उनके अनुरोध पर विचार करने के पश्चात्, मैंने उनके लिए एक सप्ताह का समय बढ़ा दिया और उन्हें अपने कक्ष अर्थात, कक्ष सं. 216, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, संसदीय सौध एक्सटेंशन भवन, नई दिल्ली में 8 नवम्बर, 2017 को म.पू. 10.30 बजे अपना मामला प्रस्तुत करने हेतु मेरे समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया तथा साथ ही यह भी सूचित किया कि इस मामले में उन्हें और अधिक समय विस्तार प्रदान नहीं किया जायेगा। उन्हें यह सूचना सचिवालय के दिनांक 24 अक्तूबर, 2017 के पत्र द्वारा प्रेषित की गई।

8. प्रतिवादी मौखिक सुनवाई के लिए 8 नवम्बर, 2017 को प्रात: 10.30 बजे मेरे समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने याचिका के संबंध में अपनी टिप्पणियों में पहले से ही प्रस्तुत तथ्यों को दोहराते हुए कहा कि उन्हें जेडी (यू) दल के अध्यक्ष/किसी पदाधिकारी/किसी अन्य सदस्य की ओर से विपक्षी दलों की बैठकों/रैली में भाग न लेने का कोई लिखित निर्देश या एसएमएस या मौखिक निर्देश प्राप्त नहीं हुआ और न ही दल की ओर से उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने से पहले कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सभा में जेडी (यू) संसदीय दल के नेता श्री शरद यादव उस समय अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर थे, मुझे विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया था, जिसका उन्होंने पालन किया और इसके बाद उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया। तत्पश्चात्, उन्होंने आरजेडी अध्यक्ष, श्री लालू प्रसाद यादव द्वारा आहूत रैली में भी भाग लिया, जिसमें सभी विपक्षी दलों के नेता उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिवाद किया कि स्वयं श्री नीतीश कुमार ने कहा था कि यदि उन्हें आमंत्रित किया जाएगा तो वे भी रैली में भाग लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देने और महागठबंधन छोड़ने का श्री नीतीश कुमार का निर्णय किसी पार्टी मंच में नहीं उठाया गया और इसलिए, वास्तविकता यह है कि उन्होंने और उनके समर्थकों ने दल छोड़ा है। प्रतिवादी ने आगे प्रतिवाद किया कि उन्होंने सभा में, जो मेरी अधिकारिता के अधीन है, किसी दल-विरोधी गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया। मैंने उन्हें बताया कि उन्होंने अपने उत्तर में पहले ही इन सभी तथ्यों का विस्तार से उल्लेख कर दिया है और कि मैं अंतिम निर्णय लेने से पहले इनकी सावधानीपूर्वक जांच करुंगा। मैंने उन्हें यह भी सूचित किया कि राज्य सभा के सभापति के रूप में, मेरा उत्तरदायित्व यह सुनिश्चित करना है कि क्या उन्होंने किसी अन्य दल की रैली में भाग लेकर अपने दल के निर्णयों के विरुद्ध कार्य किया और बार-बार अपने दल की निंदा की और क्या इन कृत्यों से उन्होंने यह सिद्ध किया कि वह जेडी (यू) दल में बने रहने के इच्छुक नहीं है, जैसा कि याचिका में आरोप लगाया है और उनसे पूछा कि क्या वह जो कुछ कह चुके हैं, उसके अतिरिक्त उन्हें कुछ और कहना है। तथापि, प्रतिवादी ने अपने बचाव में कोई अन्य सारवान तथ्य प्रस्तुत नहीं किए।

9. संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1) के अनुसार, कोई सदस्य निम्नलिखित परिस्थितियो में निरर्हित किया जा सकता है:-

(क) यदि वह जिस राजनीतिक दल का सदस्य है, उसकी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ देता है/छोड़ देती है; या

(ख) जब वह ऐसे राजनीतिक दल जिसका वह सदस्य है, द्वारा दिए गए किसी निर्देश के विरुद्ध पूर्व अनुज्ञा के बिना सदन में मतदान करता है/करती है या मतदान करने से विरत रहता है/रहती है और ऐसे मतदान करने या मतदान करने से विरत रहने को ऐसे राजनीतिक दल ने ऐसे मतदान या मतदान करने से विरत रहने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर माफ नहीं किया है।

स्पष्ट है कि वर्तमान मामला दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1) (क) के अधीन आता है। अब मैं इस उपबंध के अधीन मामले के गुण-दोषों की परीक्षा करूंगा।

10. अभिलेखों, अर्थात याचिका, याचिका के संबंध में प्रतिवादी के उत्तरों, प्रतिवादी के उक्त उत्तरों पर इस संबंध में सभी संलग्नकों सहित याची की टिप्पणियों, मौखिक सुनवाई के दौरान प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों का अवलोकन करने पर, मैंने पाया कि प्रतिवादी याची द्वारा उन पर दल विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपों को सुस्पष्ट रूप से मना अथवा खण्डन करने के स्थान पर यह साबित करने की कोशिश कर रहे थे कि श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ मिलने के निर्णय के कारण जनता दल (यूनाइटेड) का दो गुटों में विभाजन हुआ-एक श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाला गुट और दूसरा उनका तथा श्री शरद यादव और उनके समर्थकों का गुट और इस दूसरे गुट को भी जनता दल (यूनाइटेड) के भीतर बहुमत प्राप्त था और इस संबंध में विवाद भारत के निर्वाचन आयोग के समक्ष लम्बित था। उनके द्वारा दिया गया मुख्य तर्क यह था कि उन्होंने नहीं अपितु श्री नीतीश कुमार और उनके गुट ने जेडी(यू) दल के संविधान में निर्धारित लक्ष्यों और उद्देश्यों का उल्लंघन करके और जिन सिद्धान्तों पर दल की नींव रखी गई थी, उनके विरुद्ध कार्य करते हुए स्वेच्छा से जनता दल (यूनाइटेड) की सदस्यता छोड़ दी थी और इस तरह से दसवीं अनुसूची के तहत निरर्हता के अध्यधीन हो गए थे। तथापि, वह इस दावे को साबित करने के लिए कोई ठोस दस्तावेज अथवा अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं। इसके अतिरिक्त संविधान की दसवीं अनुसूची का पैरा 1 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम 'विधान दल' और 'मूल राजनीतिक दल' को निम्नानुसार परिभाषित करते हैं:-

"व्याख्या 1. xxxx

(ख) सदन के किसी ऐसे सदस्य के संबंध में जो, पैरा 2 या [xxx] पैरा 4 के उपबंधों के अनुसार किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, "विधान-दल" से, उस सदन के ऐसे सभी सदस्यों का समूह अभिप्रेत है जो उक्त उपबंधों के अनुसार तत्समय उस राजनीतिक दल के सदस्य हैं;

(ग) सदन के किसी सदस्य के संबंध में, "मूल राजनीतिक दल" से ऐसा राजनीतिक दल अभिप्रेत है जिसका वह पैरा 2 के उपपैरा (1) के प्रयोजनों के लिए सदस्य है;"

यह राजनीतिक दलों द्वारा किए गए किसी राजनीतिक गठबंधन का संज्ञान नहीं लेता है। महागठबंधन बिहार में विधान सभा चुनाव लड़ने के प्रयोजनार्थ कुछ राजनीतिक दलों द्वारा बनाया गया राजनीतिक गठबंधन है और जनता दल (यूनाइटेड) इसका एक घटक था। इस प्रकार, राजनीतिक दलों द्वारा किसी राजनीतिक गठबंधन को छोड़ देना या उसमें शामिल होना दल परिवर्तन-रोधी कानून के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

11. प्रतिवादी का बार-बार यह दोहराना, कि जेडी(यू) से संबंधित विवाद का मामला भारत निर्वाचन आयोग में लंबित है, निरर्हता संबंधी याचिका पर निर्णय के लिए प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि यह पूर्णत: दल का आंतरिक मामला है और दसवीं अनुसूची के अधिकार-क्षेत्र से बाहर है, और इसलिए, मेरे अधिकार-क्षेत्र से बाहर है। वैसे भी, याचिकाकर्ता द्वारा मेरे समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों के अनुसार भारत के निर्वाचन आयोग ने प्रतिवादी द्वारा समर्थित गुट के दावे को यह कहकर दो बार खारिज कर दिया है कि उनके दावे के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण नहीं हैं। प्रतिवादी ने वर्तमान याचिका दायर करने के संबंध में याचिकाकर्ता की सक्षमता और प्राधिकार पर तथा दल के मानकों का अनुसरण किए बिना कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से श्री शरद यादव को राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल के नेता के पद से हटाने पर प्रश्न उठाया है। इस संदर्भ में, मुझे उस सूक्ति का अनुसरण करना पड़ेगा कि किसी भी लोकतंत्र में बहुमत के निर्णय और बहुमत की आवाज को ही स्वीकार किया जाना चाहिए। इसलिए, यदि किसी संसदीय दल/गुट के नेतृत्व के संबंध में कोई विवाद खड़ा होता है, तो मुझे प्रत्येक पक्ष द्वारा अपने-अपने दावे के संबंध में मेरे समक्ष प्रस्तुत तथ्य और साक्ष्य के आधार पर जांच और निर्णय करना होगा। वर्तमान मामले में, प्रतिवादी दस्तावेजी या अन्य साक्ष्य के साथ यह सिद्ध करने में असफल रहा है कि उनके गुट को राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल में बहुमत का समर्थन हासिल है। इसके विपरीत, श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह को 11 अगस्त, 2017 को नई दिल्ली में हुई जेडी(यू) संसदीय दल की बैठक में सर्वसम्मति से राज्य सभा में जेडी(यू) संसदीय दल के नेता के पद पर चुन लिया गया था, और लोक सभा सदस्य व संसद में जेडी(यू) के नेता श्री कौशलेन्द्र कुमार ने राज्य सभा सचिवालय को इसकी सूचना दी थी। राज्य सभा सचिवालय ने इसका संज्ञान लिया और राज्य सभा के अभिलेखों को तदनुसार अद्यतन किया गया। प्रतिवादी का यह दावा भी तर्कसंगत नहीं है कि याचिकाकर्ता याचिका दायर

करने की अधिस्थिति में नहीं है, क्योंकि याचिकाकर्ता श्री रामचन्द्र प्रसाद सिंह राज्य सभा के एक सदस्य हैं और नियमों के अनुसार, राज्य सभा का कोई भी सदस्य किसी अन्य सदस्य की निरर्हता की मांग करने वाली याचिका दायर कर सकता है।

12. प्रतिवादी द्वारा श्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन छोड़ने के निर्णय और भाजपा के साथ मिलने की सार्वजनिक रूप से निन्दा करना और जेडी(यू) के विरोधी दल, अर्थात राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों और नीतियों के समर्थन करने, उनके साथ मंच साझा करना और उनकी बैठकों/रैली को संबोधित करना इस तथ्य को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त हैं कि कि उन्होंने दल-विरोधी गतिविधियों में भाग लिया है। उनके द्वारा सार्वजनिक मंचों पर श्री शरद यादव द्वारा दिए गए भाषणों का निरंतर समर्थन करना और जेडी(यू) के अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार के विरुद्ध भारत के निर्वाचन आयोग में दर्ज की गई शिकायत का समर्थन करना और जेडी(यू) के सदस्यों की बैठक में श्री नीतीश कुमार के निर्णयों को गैर-कानूनी, अवैध और अमान्य घोषित करने के लिए प्रस्तुत और पारित किए गए संकल्प के समर्थन, जिन्हें न तो उन्होंने अस्वीकार किया है और न ही उनका खंडन किया है, के द्वारा दल-विरोधी गतिविधियों में भाग लेना भी स्पष्ट रूप से यह स्थापित करता है वह अब उस दल की नीतियों और निर्णयों का समर्थन नहीं करते हैं, जिस दल के टिकट पर वह चुने गए थे। मेरे समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों से भी ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने अपनी आपत्तियों को अपने दल के मंच पर उठाने, जिसके लिए उनके पास पर्याप्त अवसर मौजूद थे, अर्थात, 11 जुलाई, 2017 को जेडी(यू) की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी की बैठक, और 19 अगस्त, 2017 को जेडी(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक, के बजाय वह मीडिया में और विरोधी राजनीतिक दल की बैठकों/रैली सहित सार्वजनिक मंचों पर अपने दल की नीतियों और दल के अध्यक्ष के निर्णयों की आलोचना करते रहे। प्रतिवादी का दावा था कि दल के संविधान का उल्लंघन करते हुए दल के नेताओं के निर्णय की आलोचना करने का अर्थ स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना नहीं है। यहां, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि एक राजनीतिक दल, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक अनिवार्य हिस्सा है, सामूहिक फैसले के माध्यम से काम करता है। हालांकि किसी व्यक्ति का दल के फैसले से कोई मतभेद हो सकता है, लेकिन अंततः उसे दल के सामूहिक निर्णय का पालन करना होता है। उसे कोई निर्णय लिए जाने से पहले दल की बैठकों और मंचों में और उसके बाद भी अपने विचार व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। लेकिन निर्णय लेने के बाद अगर किसी भी राजनीतिक दल का कोई सदस्य सार्वजनिक रूप से अपने दल के निर्णयों की आलोचना शुरू कर देता है, और यहां तक कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों की रैलियों में भाग लेना और उन्हें संबोधित करने लगता है, तो यह दल-विरोधी गतिविधि के तहत आ जाएगा और यदि संबंधित व्यक्ति राज्य विधानसभा या संसद का सदस्य है, तो इसे स्वेच्छा से दल की सदस्यता छोड़ना माना जाएगा, और इस प्रकार यह दसवीं अनुसूची के अंतर्गत निरर्हता माना जाएगा। मेरे विचार से, कोई सदस्य दल की नीतियों और घोषणापत्रों के कारण किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवार के रूप में चुना जाता है और यदि वह सदस्य अपने दल की सार्वजनिक रूप से आलोचना करता है, तो यह माना जाएगा कि उसने स्वेच्छा से अपने दल की सदस्यता को छोड़ दिया है।

13. दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) में उल्लेख किया गया है कि 'सदन का कोई सदस्य, जो किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, सदन का सदस्य होने के लिए उस दशा में निरर्हित होगा जिसमें उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है।' उच्चतम न्यायालय ने रवि नाइक बनाम भारत संघ [1994 एआईआर 1558, 1994 एससीआर (1) 754, 1994 एससीसी अनु. (2) 641, जेटी 1994 (1) 551, 1994 स्केल (1) 487] मामले में 9 फरवरी, 1994 के अपने निर्णय में 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' को पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया है, जिसमें न्यायालय ने अन्य के साथ-साथ यह समुक्ति की है:-

> " 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्द 'त्यागपत्र' का पर्याय नहीं हैं और इसके व्यापक अर्थ हैं। एक व्यक्ति स्वेच्छा से एक राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता को छोड़ सकता है, हालांकि उसने उस पार्टी की सदस्यता से अपना त्यागपत्र नहीं दिया है। यहां तक कि सदस्यता से औपचारिक त्यागपत्र की अनुपस्थिति में किसी सदस्य के आचरण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है, कि उन्होंने स्वयं उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ दी है, जिससे वह संबंधित हैं।"

उसी मामले में, उच्चतम न्यायालय ने गोवा विधान सभा अध्यक्ष के दो विधायकों को, जो महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के टिकट पर निर्वाचित हुए थे, उनके केवल इस आचरण पर कि वे गोवा में कांग्रेस (आई) संसदीय दल के नेता द्वारा राज्यपाल से मिलकर यह दर्शाने के लिए कि उनके पास बीस विधायकों का समर्थन है, उनके साथ गए थे, निरर्ह करने के निर्णय को बरकरार रखा था।

14. उच्चतम न्यायालय ने जी. विश्वनाथन बनाम माननीय अध्यक्ष, तमिलनाडु विधानसभा, मद्रास एवं अन्य [1996 एआईआर 1060, 1996 एससीसी (2) 353, जेटी 1996 (1) 607, 1996 स्केल (1) 531] मामले में 24 जनवरी, 1996 के अपने आदेश में अन्य के साथ-साथ यह समुक्ति की है:-

> " राजनीतिक दल की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ने का कृत्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हो सकता है।"

15. रवि नाइक मामले में उच्चतम न्यायालय की उक्त समुक्तियों से पूर्व विशेषाधिकार समिति (आठवीं लोक सभा) ने भी 'सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' के अर्थ पर विचार किया था और निम्नलिखित समुक्ति की थी:-

"समिति ने इस बात पर भी विचार किया है कि किसी सदस्य द्वारा किसी राजनैतिक दल की सदस्यता को स्वेच्छा से छोड़ देना किस कृत्य को माना जाएगा। समिति ने नोट किया है कि दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2 (1) (क) में उपयोग किए गए शब्द 'यदि उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है' हैं न कि 'यदि उसने ऐसे राजनीतिक दल की अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है'। समिति का मानना है कि 'स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्दों का प्रयोग बहुत महत्वपूर्ण है ...... इस बात पर बल देना कि स्वेच्छा से सक्षम प्राधिकारी को त्यागपत्र सौंपने को ही निरर्हता माना जाएगा वास्तव में संवैधानिक उपबंध की एक संकीर्ण व्याख्या होगी और इससे वस्तुत: वह उद्देश्य ही निरर्थक हो जाएगा जिस पर संसद ने संविधान (बावनवां संशोधन) अधिनियम लागू करते समय विचार किया था और ऐसी व्याख्या दसवीं अनुसूची के उपबंधों को निरर्थक बना देगी।

समिति का विश्वास है कि ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए ही 'स्वेच्छा से छोड़ दी है' शब्द पैरा 2 (1) (क) में उपयोग किए गए थे। चूंकि कानून सटीक तरीके से यह परिभाषित नहीं करता है जिसमें सदस्यता को छोड़ दिया जाना है, शब्दों की उस भावना के अनुसार व्याख्या की जानी चाहिए, जिस भावना से वे अधिनियम में उपयोग किए गए हैं। कानून बनाने वालों का इरादा काफी स्पष्ट है: केवल अपने त्यागपत्र के द्वारा ही नहीं बल्कि अपने आचरण से भी कोई सदस्य अपने राजनीतिक दल की सदस्यता को छोड़ सकता है। समिति का मानना है कि यदि कोई सदस्य अपने आचरण से यह पर्याप्त रूप से स्पष्ट करता है कि वह दल के अनुशासन से बंधा नहीं है और यहां तक कि अपने आचरण से इसे समाप्त करने के लिए तैयार है, तो उसे अपनी सीट खोने की कीमत चुकाने और पुन: चुने जाने के लिए तैयार रहना चाहिए।"

16. डा. महाचन्द्र प्रसाद सिंह बनाम अध्यक्ष, बिहार विधान परिषद एवं अन्य [(2004) 8 एससीसी 747] मामले में 27 अक्तूबर, 2004 के अपने एक अन्य निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने समुक्ति की :-

"इसलिए, सदन के किसी सदस्य की निरर्हता के संबंध में निर्णय लेने का अंतिम अधिकार सदन के सभापति या अध्यक्ष में निहित है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि दसवीं अनुसूची सदन के सभापति या अध्यक्ष को कोई विवेकाधिकार प्रदान नहीं करती है। उनकी भूमिका केवल संबंधित तथ्यों की जांच करने तक सीमित है। एक बार एकत्रित या प्रस्तुत तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाए कि सदन के किसी सदस्य ने ऐसा कोई कार्य किया है जो दसवीं अनुसूची के पैरा 2 उप-पैरा (1), (2) या (3) के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो ऐसी स्थिति में निरर्हता लागू होगी और सदन के सभापति या अध्यक्ष को उस पर निर्णय लेना होगा।"

17. दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2(1)(क) के उल्लंघन के आरोप से संबंधित याचिका पर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस तरह की आधिकारिक घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए, पदनामित प्राधिकारी के रूप में सभापति की भूमिका केवल तथ्यों की जांच करने और एक बार तथ्यों के एकत्रित होने या प्रस्तुत होने पर दसवीं अनुसूची के अनुच्छेद 2(1)(क) के अर्थ के भीतर, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई कृत्य दिखाई देने की स्थिति में उस मामले में निर्णय लेने तक सीमित है। दसवीं अनुसूची के ऊपर उद्धृत पैरा के अधीन पीठासीन अधिकारी को जितनी सीमित भूमिका अदा करनी होती है, वह डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह बनाम अध्यक्ष, बिहार विधान परिषद और अन्य [(2004) 8 एससीसी 747], में उच्चतम न्यायालय ने पर्याप्त रूप से स्पष्ट किया था, उन्होंने निम्नानुसार समुक्ति की थी:-

"इस तथ्य पर ध्यान दिया जाए कि दसवीं अनुसूची के पैरा 2 में सुविचारित विभिन्न आकस्मिकताओं के लिए की जाने वाली जांच के स्वरूप और दर्जे में अंतर हो सकता है। जहाँ तक पैरा 2(1) के खंड (क) का संबंध है, जाँच सीमित रहेगी अर्थात्, क्या किसी राजनीतिक दल से संबंध रखने वाले सभा के किसी सदस्य ने स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ दी है।"

इस प्रकार, अब यह मुझे तय करना है कि क्या प्रतिवादी ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में स्वेच्छा से अपने राजनीतिक दल अर्थात्, जेडी (यू) की सदस्यता त्यागी है। मेरे समक्ष प्रस्तुत तथ्यों/साक्ष्य के आधार पर प्रतिवादी के कृत्यों और बयानों से, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने स्वेच्छा से अपनी जेडी(यू) की सदस्यता छोड़ दी है, जिनके टिकट पर वह राज्यसभा के लिए चुने गए थे।

18. याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी द्वारा दल-विरोधी गतिविधियों और स्वेच्छा से जेडी (यू) की सदस्यता छोड़ने के साक्ष्य के रूप में मुख्य रूप से अख़बारों की कतरनों और विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित वीडियो रिकॉर्डिंग को आधार बनाया है। प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता द्वारा अख़बार की कतरनों और वीडियो रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के रूप् में उपयोग करने का यह कह कर विरोध किया है कि किसी भी स्पष्ट प्रमाण के अभाव में साक्ष्य के रूप में अखबारों के लेखों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। मेरे विचार में, केवल अखबार की रिपोर्टों को ठोस साक्ष्य के रूप में नहीं लिया जा सकता है, और केवल विश्वसनीय परिस्थिति साक्ष्य के रूप में लिया जा सकता है, जब तक अन्यथा साबित न हो। सामंत एन. बालाकृष्णा आदि बनाम जॉर्ज फर्नांडिस एवं अन्य आदि [1969 एआई आर 1201, 1969 एससीआर (3) 603, 1969 एससीसी (3) 238] मामले में उच्चतम न्यायालय ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित समुक्ति की है:-

"ऐसे किसी समाचार, जिसमें साक्षियों के माध्यम से आगे यह प्रमाणित नहीं किया गया है कि वास्तव में क्या हुआ, का कोई महत्व नहीं है। अधिक से अधिक इसे ग्रहणीय गौण साक्ष्य माना जा सकता है। xxxx ऐसे समाचार स्वयं को प्रमाणित नहीं करते हैं, यद्यपि अन्य साक्ष्य के साथ इन पर विचार किया जा सकता है, यदि अन्य साक्ष्य सुस्पष्ट हों।"

तथापि, वर्तमान मामले में मुझे ऐसा कोई कारण दिखाई नहीं देता कि इतने सारे समाचारपत्र और मीडिया चैनल किसी बात को गलत तरीके से प्रकाशित/प्रसारित क्यों करेंगे, और यदि ऐसा हुआ भी है, तो प्रतिवादी से कम-से-कम यह अपेक्षा थी कि वह इनका तत्काल खंडन करें और इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी करे। इस मामले में अनेक प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय/राज्य समाचारपत्रों और मीडिया चैनलों ने वास्तव में प्रतिवादी द्वारा आरजेडी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार करने और 27 अगस्त, 2017 को आरजेडी द्वारा आयोजित सार्वजनिक रैली को संबोधित करने और श्री नीतीश कुमार के निर्णय की आलोचना करने की खबर दिखाई थी। याची द्वारा प्रस्तुत वीडियो रिकॉर्डिंग्स तथा समाचार पत्रों की कतरनों/लेखों से मुझे ज्ञात हुआ है कि प्रतिवादी ने अनेक अवसरों पर, विशेषकर विभिन्न मीडिया चैनलों को दी गई मीडिया बाइट/साक्षात्कारों में, श्री नीतीश कुमार के महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनाने के निर्णय की यह कहते हुए निंदा की थी कि उनकी अंतरात्मा उक्त निर्णय को समर्थन नहीं देगी और यह बात दृढ़ता से कही कि वह 27 अगस्त, 2017 को पटना में आर.जे.डी. द्वारा आयोजित रैली में शामिल होंगे। मैंने उन्हें महागठबंधन के समर्थन में और सार्वजनिक सभाओं में श्री नीतीश कुमार के निर्णय की आलोचना करते हुए भी सुना है। इस तरह वीडियो रिकॉर्डिंग में ऐसे पर्याप्त और अकाट्य प्रमाण हैं कि प्रतिवादी ने वास्तव में उक्त रैली में सम्मिलित होकर उसे संबोधित किया और अपने दल तथा उसके अध्यक्ष की खुलेआम आलोचना करते हुए बयान दिए। इसके अतिरिक्त, प्रतिवादी ने समाचारपत्रों की कतरनों/मीडिया रिपोर्टों में दिखाए जा रहे आरोपों से स्पष्ट रूप से इनकार करने और उनका खंडन करने के स्थान पर स्वयं यह स्वीकार किया है कि उन्होंने विरोधी दल, अर्थात आरजेडी द्वारा आयोजित रैली में भाग लिया है और उसे संबोधित किया है। अत:, यह मानने का कोई कारण नहीं है कि वीडियो रिकार्डिंग्स के साथ छेड़छाड़ की गई है और इसलिए भी, कि प्रतिवादी ने उनकी सत्यता पर सवाल नहीं उठाया है। इसलिए, मेरे लिए समाचारपत्रों की खबरों के अतिरिक्त वीडियो रिकार्डिंग्स के रूप में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं जो इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि प्रतिवादी ने वास्तव में आरजेडी की रैली में भाग लिया है; महागठबंधन से अलग होने और भाजपा के समर्थन से सरकार बनाने के अपने स्वयं के दल के निर्णय की आलोचना की है; और प्रतिवादी की स्वयं की स्वीकारोक्ति कि उसने रैली में भाग लिया है, जिनसे यह निष्कर्ष निकलता है कि प्रतिवादी ने दल-विरोधी गतिविधियों में भाग लिया है, और इस प्रकार भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के उपबंध उस पर लागू होते हैं।

19. संयोगवश, मेरी जानकारी में यह आया है कि प्रतिवादी के प्राथमिक तर्क, कि श्री छोटूभाई अमरसंग वसावा, कार्यवाहक अध्यक्ष के नेतृत्व वाला गुट, जिसमें वह और उनके समर्थक शामिल हैं, वास्तविक जेडी (यू) है को भारत के निर्वाचन आयोग के दिनांक 17 नवंबर, 2017 के आदेश द्वारा पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। उस आदेश में अन्य बातों के साथ-साथ यह उल्लेख है :-

i. दोनों समूहों द्वारा अपने-अपने दावों के समर्थन में लिखित और मौखिक, दोनों रूप में प्रस्तुत किए गए निवेदनों और दस्तावेजों पर विचार करने के पश्चात आयोग मानता है कि संगठनात्मक और विधायी स्कंधों में बहुमत के समर्थन के परीक्षण का सिद्धांत, जिसे माननीय उच्चतम न्यायालय ने सादिक अली बनाम भारत चुनाव आयोग एवं अन्य (एआईआर 1972 एससी 187) में सही ठहराया है, और जिसे अतीत में ऐसे सभी मामलों में आयोग द्वारा लगातार लागू किया गया है, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में वर्तमान मामले में लागू होगा।

ii. श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाले प्रतिवादी गुट ने विधायी स्कंध में प्रचंड बहुमत और दल की राष्ट्रीय परिषद, जो कि दल का सर्वोच्च संगठनात्मक निकाय है, में बहुमत प्रदर्शित किया है।

iii. तदनुसार, श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाले गुट को चिन्ह आदेश के पैरा-15 के उपबंधों के अनुसार जनता दल (यूनाइटेड) के रूप में मान्यता दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप, श्री नीतीश कुमार बिहार के एक मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय दल के रूप में दल के लिए आरक्षित 'तीर' चिन्ह का उपयोग करने के पात्र हैं।

भारत के निर्वाचन आयोग के उक्त आदेशों ने जेडी(यू) के नेतृत्व और कौन सा गुट वास्तविक दल है, के संबंध में लंबित विवाद को विराम दे दिया है। इसके पश्चात भारत के निर्वाचन आयोग ने 25 नवम्बर, 2017 को इस संबंध में विस्तृत आदेश भी पारित किया है

20. अपने आदेश की घोषणा से पहले, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि कुछ पीठासीन अधिकारियों की, जिन्होंने भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन निरर्हता संबंधी याचिका पर तर्कसंगत समय के भीतर निर्णय नहीं लिए, काफी आलोचना होती रही है। यह देखा गया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों द्वारा इन याचिकाओं संबंधी निर्णय लेने में

अनावश्यक देरी के बारे में चिंता जताई है। अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा बनाम कुलदीप बिश्नोई और अन्य (एआईआर 2013 एससी 120) मामले में, विधान सभा के अध्यक्ष ने निरर्हता की याचिका पर निर्णय लेने में व्यवहारिक तौर पर, लगभग चार वर्षों का समय लिया और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की एकल पीठ और एक खण्डपीठ और अंततः उच्चतम न्यायालय को विधानसभा अध्यक्ष को इस याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेने का निदेश देना पड़ा। उत्तर प्रदेश विधान सभा के दूसरे मामले में निरर्हता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा इसी प्रकार की देरी की गई थी और अंततः मामला उच्चतम न्यायालय के पास गया [मायावती बनाम मार्कण्डेय चंद और अन्य (1998 7 एससीसी 517)]। उच्चतम न्यायालय ने विधान सभा अध्यक्ष को मामला लौटाए जाने के बजाय विधायक को स्वयं निरर्ह करार दे दिया। ऐसे अनेक अन्य मामले भी है, जिनमें न्यायालयों ने ऐसी याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनावश्यक देरी के बारे में चिंता जताई है। मेरा यह सुविचारित मत है कि ऐसी याचिकाएं जो लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली के मूल सिद्धांतों से जुड़ी होती हैं और जिनमें यह प्रश्न अंतर्ग्रस्त होता है कि क्या कोई विधायक विशेष (विधि-निर्माता) विधान सभा में बैठने का हकदार है अथवा नहीं, को पीठासीन अधिकारियों द्वारा इसलिए लंबित और लटकाये नहीं रखा जाना चाहिए ताकि उस व्यक्ति की सदस्यता जिसे अन्यथा निरर्ह घोषित किया गया हो, को बचाया जा सके या सरकार को बचाया जा सके जो इस प्रकार के व्यक्तियों के कारण बहुमत में बनी रहती है। मेरा यह विचार है कि ऐसी सभी याचिकाओं पर पीठासीन अधिकारियों द्वारा संबंधित सदस्यों जिनके विरूद्ध ऐसे आरोप हों, जिससे भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अधीन वे निरर्ह हो जाएंगे, को निःसंदेह विधि के अनुसार अवसर देकर लगभग तीन महीनों के भीतर निर्णय दिया जाना चाहिए ताकि राजनीतिक दल-बदल की बुराई को प्रभावी ढंग से निष्फल किया जा सके, जिसे यदि अनियंत्रित रखा गया तो उससे हमारे लोकतंत्र का मूल आधार और वे सिद्धांत जो इसे अक्षुण्ण बनाए हुए हैं, खोखले हो जाएंगे। पीठासीन अधिकारियों के पास निरर्हता संबंधी याचिकाओं के संबंध में न्याय-निर्णयन की शक्ति निहित किए जाने के पीछे विधि-निर्माताओं की मंशा उनके उचित और शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने की थी जो कि दिनांक 30 जनवरी, 1985 को लोक सभा में संविधान (52वां संशोधन) विधेयक, 1985 को प्रस्तुत करते समय तत्कालीन विधि मंत्री के निम्नलिखित वक्तव्य से बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है :--

> "यदि इस विधेयक को प्रभावी बनाना है और यदि दल-बदल को कारगर ढंग से नियम-विरूद्ध घोषित करना है तो हमें एक मंच का चयन करना होगा जो इस मामले पर निर्भीकता और शीघ्रता से निर्णय लेगा। यह एकमात्र ऐसा संभव मंच है।"

तत्कालीन प्रधान मंत्री ने भी, दिनांक 31 जनवरी, 1985 को राज्य सभा में इस विधेयक के संबंध में हुई चर्चा में भाग लेते हुए इसी प्रकार की समुक्ति की थी:--

> "हमने इस विधेयक में इसे यथासंभव लिखित में बनाने का प्रयास किया है ताकि किसी के द्वारा निर्णय लेने के समय कोई बात अस्पष्ट न रह जाए। यह निर्णय स्वचालित, अभिलेखबद्ध घटनाओं के क्रम द्वारा समर्थित, होने चाहिएं ताकि उसके बारे में वाद-विवाद की कोई संभावना न हो। हमने यह भी सोचा है कि विधेयक का प्रचालन भी त्वरित हो ताकि सांसदों की खरीद-फरोख्त करने या अन्य किसी समस्या के उत्पन्न होने के लिए कोई समय न मिल पाए। यही कारण है कि हमने इसका निर्णय किया जाना सभापति या लोकसभाध्यक्ष पर छोड़ दिया है।"

इस परिस्थिति में यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि नियमों के नियम 7 के उप-नियम (3) में अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित है कि कोई सदस्य जिसके संबंध में याचिका प्रस्तुत की गई है, याचिका की प्रति की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर या ऐसी आगामी अवधि जिसकी सभापति पर्याप्त कारण से अनुमति देते हैं, के भीतर उसके संबंध में सभापति को लिखित में अपनी टिप्पणियां भेजेगा। केवल यही तथ्य कि नियमों में प्रतिवादी को उसके विरुद्ध दायर निरर्हता संबंधी याचिका पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए केवल सात दिन का समय दिया गया है, निरर्हता संबंधी याचिका के शीघ्रता से निपटान के लिए नियम की मंशा की ओर स्पष्ट संकेत करता है। वर्तमान मामले में, याचिका 2 सितम्बर, 2017 को दाखिल की गई थी और मेरे आज के, अर्थात दिनांक 4 दिसम्बर, 2017 के आदेश द्वारा इसका शीघ्रता से निपटान किया जा रहा है।

21. मामले के तथ्यों, प्रतिवादी और याचिकाकर्ता की टिप्पणियों, 8 नवंबर, 2017 को व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान प्रतिवादी के मौखिक साक्ष्य और आठवीं लोक सभा की विशेषाधिकार समिति और रवि नाइक बनाम भारत संघ मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के 1994 के निर्णय में की गई समुक्तियों और इसी तरह के दल-विरोधी मामलों में की गई समुक्तियों पर विचार करने के पश्चात यह स्पष्ट है कि अपने आचरण, कृत्यों और भाषणों से प्रतिवादी, श्री अली अनवर अंसारी ने स्वेच्छा से राजनीतिक दल, जनता दल (यूनाईटेड) की सदस्यता छोड़ दी है जिस दल की ओर से वह 2012 में बिहार राज्य से राज्यसभा के चुनाव के उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए थे और ऐसे सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे।

22. इसलिए, मेरा यह निर्णय है कि भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(1)(क) के उपबंधों के अनुसरण में श्री अली अनवर अंसारी के एक सदस्य के रूप में निरर्हक हो गए हैं। इस प्रकार, वह तत्काल प्रभाव से राज्य सभा के सदस्य नहीं रहे हैं। मैं तदनुसार यह निर्णय लेता हूं और इसकी घोषणा करता हूं।

नई दिल्ली एम.वेंकैया नायडु

4 दिसम्बर, 2017 सभापति, राज्य सभा

देश दीपक वर्मा, महासचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 4th December, 2017

**No.RS.46/2017-T.** — The following decision, dated the 4th of December, 2017, of the Chairman, Rajya Sabha, in the matter of petition of Shri Ram Chandra Prasad Singh, Member, Rajya Sabha, in relation to Shri Ali Anwar Ansari, another Member of the Rajya Sabha, given under paragraph 6(1) of the Tenth Schedule to the Constitution of India is hereby notified:—–

**"ORDER**

